दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-31 अंक-251 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) रविवार 16 नवम्बर 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## जम्मू-कश्मीर के नौगाम पुलिस स्टेशन में ब्लास्ट, 9 की मौत- 30 घायल; शव के टुकड़े 300 मीटर दूर जाकर गिरे



श्रीनगर (आरएनएस)। नौगाम थाना परिसर में शुक्रवार रात को हुए भीषण विस्फोट में अब तक 9 पुलिसकर्मियों की जान चली गई है, जबकि 30 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि मलबे में दबे लोगों को निकालने का काम जारी है, इसलिए मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका बनी हुई है। सामने आए सीसीटीवी वीडियो में धमाके की लपटें पूरे थाने के भीतर फैलती दिखती हैं, जिसके बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

अधिकारियों के अनुसार, विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि कुछ मानवीय अंग करीब 300 फीट दूर तक मिले। कई घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है और टीमें ढहे हुए हिस्सों में फंसे लोगों की तलाश कर रही हैं। थाने के भीतर रखे गए 360 किलो अमोनियम नाइट्रेट को सील करने की प्रक्रिया चल रही थी, तभी कथित रूप से गलत तरीके से हैंडलिंग होने के कारण हादसा हुआ। इस दौरान एक मजिस्ट्रेट भी मौजूद थे। यह भी संभावना जताई जा रही है कि परिसर में खड़ी जब्त की गई एक गाड़ी में IED फिट किया जा रहा था। अनुमान है कि शुरुआती धमाका उसी IED से हुआ, जिसके बाद अमोनियम नाइट्रेट ने बड़ा विस्फोट कर दिया।

घटना के बाद पूरे इलाके को सुरक्षा बलों ने घेर लिया है। डॉग स्क्वॉड और विशेषज्ञों की टीम विस्फोटक सामग्री के अवशेषों की जांच कर रही है। वहीं, डीसी श्रीनगर अक्षय लबरू अस्पताल जाकर घायलों से मिले।

यह वही 360 किलो अमोनियम नाइट्रेट है, जिसे फरीदाबाद में डॉ. मुझम्मिल गनई के किराए के मकान से जब्त किया गया था। इस मामले में अब तक 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पूछताछ में मौलवी इरफान अहमद और हरियाणा की अल-फलाह यूनिवर्सिटी से जुड़े लोगों का संबंध सामने आया, जहां से दो डॉक्टरों को हिरासत में लिया गया और बड़ी मात्रा में IED निर्माण सामग्री बरामद की गई।


इसी कार्रवाई के दौरान एजेंसियों ने फरीदाबाद में दो कमरों से 2,900 किलो अमोनियम नाइट्रेट भी पकड़ा, जिसका संबंध पुलवामा के एक चिकित्सक से बताया जा रहा है। इन खुलासों से जैश-ए-मोहम्मद के एक बड़े नेटवर्क का संकेत मिलता है।

DGP नलिन प्रभात ने शुक्रवार शाम पूरे केंद्रशासित प्रदेश में सुरक्षा की व्यापक समीक्षा की। सभी सुरक्षा इकाइयों को अगले कुछ दिनों तक उच्च सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। इससे पहले इसी हफ्ते दिल्ली के लाल किले के पास हुए कार धमाके में कम से कम 13 लोगों की मौत हो चुकी है।

### भारत के-5 बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षण की तैयारी में, 5000 किमी है मारक क्षमता

नई दिल्ली,(ए)। भारत ने प्रोजेक्ट के-5 स्टेज-2 रॉकेट मोटर का स्टैटिक टेस्टिंग सफलतापूर्वक करने के बाद अब भारत के-5 बैलिस्टिक मिसाइल के परीक्षण की तैयारी कर रहा है। इस बैलिस्टिक मिसाइल की अनुमानित मारक क्षमता करीब 5000 किलोमीटर तक है। दुश्मन को पता भी नहीं चलेगा और उसपर पनडुब्बी के जरिए मिसाइल से हमला हो जाएगा। इसका निर्माण भारतीय रक्षा एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) कर रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस स्टेज-2 मोटर का परीक्षण 12 सितंबर, 2025 को नासिक स्थित एडवांस्ड सेंटर फॉर एनर्जेटिक मैटेरियल्स (एसीईएम) में किया गया है, जिससे गहरे समुद्र में प्रमुख प्रणोदन प्रणालियों के प्रदर्शन की पुष्टि हुई।

## राजधानी में लाल किला के बाहर धमाका करने वाले आतंकी की फोटो आई सामने, 12 लोगों की हुई थी मौत



नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली के लाल किले के पास आत्मघाती कार धमाका करने वाले जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े आतंकी उमर मोहम्मद को अब नए CCTV फुटेज में डॉक्टर की पोशाक में देखा गया है। सामने आई यह तस्वीर धमाके से कुछ घंटे पहले हरियाणा के फरीदाबाद की एक मोबाइल दुकान की है, जहाँ उमर सामान्य ग्राहक की तरह दो मोबाइल लेकर घूमता नजर आता है। डॉक्टर का कोट पहनकर घूम रहा यह आतंकी उसी सफेद हुंडई i20 कार का चालक था, जो लाल किले की रेड लाइट के पास विस्फोट होने पर चकनाचूर हो गई। इस धमाके में उमर की मौके पर मौत हो गई थी।फरीदाबाद में 'सफेदपोश' मॉड्यूल का पर्दाफाशजांच एजेंसियों ने फरीदाबाद में जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े एक 'सफेदपोश' आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। जांच के दौरान सामने आए फुटेज में उमर के पास दो मोबाइल फोन थे, जबकि ब्लास्ट साइट से कोई फोन बरामद नहीं हुआ, जिससे उसके नेटवर्क और साजिश को लेकर कई नए संदेह उभरे हैं। एजेंसियों को शक है कि डॉक्टर की वेशभूषा आतंकी गतिविधियों को छिपाने और आसानी से आवाजाही के लिए इस्तेमाल की गई थी। अभी उसके मॉड्यूल से जुड़े कई और संदिग्धों से पूछताछ जारी है।आतंकी उमर मोहम्मद का जन्म 1989 में जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुआ था। वह फरीदाबाद के अल-फ़लाह मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर था, जिस पर अब कई अन्य डॉक्टरों के साथ आतंकवाद के आरोपों की जांच चल रही है।

## मप्र में लगातार बढ़ता जा रहा शीतलहर का प्रकोप



भोपाल,(ए)। प्रदेश में अचानक बढ़ी ठिठुरन ने सर्दियों के आगमन को इस बार काफी पहले और तेज महसूस करा दिया है। राज्य में शीतलहर का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में कड़ाके की ठंड के हालात बन गए हैं। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, सागर, ग्वालियर और जबलपुर संभाग के शहरों में सुबह-शाम सर्द हवाओं ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है।मौसम विभाग के अनुसार राजधानी भोपाल में तो स्थिति और गंभीर है, जहां लगातार सात दिनों से कोल्ड वेव बनी हुई है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि शुक्रवार एवं शनिवार को प्रदेश के कई शहरों के लिए शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है, जबकि 17 नवंबर से तापमान में मामूली सुधार की संभावना जताई गई है।गुरुवार-शुक्रवार की रात प्रदेश में सबसे अधिक ठंड शहडोल में दर्ज हुई, जहां पहली बार पारा 7.2 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। इसके बाद शिवपुरी 8 डिग्री रहा। भोपाल में तापमान 9.6 डिग्री रहा, जबकि पिछले एक सप्ताह में पारा 8 डिग्री के आसपास बना हुआ था।

### बगावती सुर पड़े महंगे, बीजेपी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री आरके सिंह को किया निलंबित

पटना (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने अपने वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री आरके सिंह के खिलाफ बड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की है। पार्टी ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जानकारी के मुताबिक, उन्हें पार्टी से बाहर निकालने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है, जो संगठनात्मक अनुशासन बनाए रखने के लिए की जा रही है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, आरके सिंह को बाहर निकालने की प्रक्रिया पार्टी के नियमों के मुताबिक तीन चरणों में पूरी होगी। पहले चरण के तहत उन्हें निलंबित कर दिया गया है, जिसके बाद जल्द ही उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। नोटिस का जवाब मिलने के बाद निष्कासन की अंतिम कार्रवाई की जाएगी।



### ऑनलाइन बेटिंग ऐप के नाम पर करोड़ों की ठगी, महिला समेत आठ आरोपी गिरफ्तार

नोएडार (आरएनएस)। साइबर ठगी के मामलों पर लगातार निगरानी रख रही गौतमबुद्ध नगर पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। थाना बिसरख पुलिस ने ऑनलाइन बेटिंग ऐप और ऑनलाइन जुए के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 7 पुरुष अभियुक्तों और 1 महिला अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी को टॉवर-1, लॉ रेजिडेंसिया सोसायटी, थाना बिसरख क्षेत्र से दबोचा है। गिरफ्तारी के दौरान इनसे भारी मात्रा में फर्जी कूटरचित चेक बुक, बैंक पासबुक, सिम कार्ड, डेबिट कार्ड, लैपटॉप, टैबलेट, मोबाइल फोन और नकदी बरामद की गई है।

## जनजातियों का समग्र कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : प्रधानमंत्री श्री मोदी

### भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जबलपुर में हुआ राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह







जबलपुर (ए.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि स्वाधीनता संग्राम में देश के विभिन्न अचंलों में जनजातीय वीरों और जननायकों ने आजादी के लिए अपना लहू बहाया और अंग्रेजों को चैन से बैठने नहीं दिया। स्वाधीनता संग्राम के प्रारंभिक काल में जनजातीय जननायकों ने जो योगदान दिया, उसे हम भुला नहीं सकते। इतिहासकारों और तत्कालीन सरकारों ने इनके योगदान को सिरे से नकार दिया। देश के स्वाधीनता संग्राम में जनजातियों का योगदान अतुलनीय है, अभूतपूर्व है। हमने यह बीड़ा उठाया है कि जनजातीय वीरों और जननायकों के बारे में आज की नई पीढ़ी को भी अवगत कराया जाए। हर साल 15 नवम्बर को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा का जन्मदिवस है। इस विशेष दिन को राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने के पीछे हमारी यही मंशा है कि जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया, हम सब उनके बारे में जानें, समझें, विचार करें और इन शूरवीरों के योगदान को नमन् करें। प्रधानमंत्री श्री मोदी शनिवार को गुजरात के नर्मदा जिले से राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस समारोह का देशव्यापी सीधा प्रसारण किया गया। जबलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह में प्रधानमंत्री श्री मोदी के वर्चुअल संबोधन को सभी ने सुना और देश के सभी जनजातीय वीरों को नमन किया।प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि जनजातियों द्वारा बोली जाने वाली सभी बोलियों पर अध्ययन होगा। उनकी जीवनशैलियों से सीखा जाएगा। इसमें विज्ञान छिपा है। उन्होंने कहा कि यह दिवस हमें करोड़ों जनजातियों के साथ हुए अन्याय को याद करने का अवसर देता था। हम जनजातीय वर्ग को विकास की धारा से जोड़ेंगे और उन्हें मुख्य धारा में लाएंगे। जब अटलजी सरकार बनी तब देश में पहली बार जनजातीय कल्याण मंत्रालय बना था। आदिवासियों को शिक्षा, स्वास्थ्य, कनेक्टिविटी हर क्षेत्र में आगे बढ़ाया जा रहा है।प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि जनजातीय वर्ग के बच्चे आज डॉक्टर, इंजीनियर और सरकारी नौकरियां कर रहे हैं। देशभर के एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के निर्माण एवं अधोसंरचना विकास पर 18 हजार करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए गए हैं। इन स्कूलों में प्रवेश में 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। दुनिया में देश की शान बढ़ाने में जनजातीय युवाओं का बड़ा योगदान है। अभी भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने वर्ल्ड कप जीतकर इतिहास रचा है। इस टीम में भी मध्यप्रदेश की एक जनजातीय बेटी ने अपना योगदान दिया है।प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि जनजातीय समुदायों में सिकल सेल एनीमिया बहुत बड़ा खतरा रही है। अब तक देश में 6 करोड़ लोगों की सिकल सेल स्क्रीनिंग हो चुकी है। जनजातीय वर्ग के बच्चों की पढ़ाई में भाषा की बाधाएं भी पूरी तरह से समाप्त की जा रही हैं। जनजातीय समाज में कला और चित्रकारी बेहद प्रचलित है। इस समुदाय के गुजरात के चित्रकार परेशभाई राठवा को पद्म पुरस्कार मिल चुका है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि आज देश की राष्ट्रपति महोदया जनजातीय समुदाय से ही आती हैं। छत्तीसगढ़, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड में जनजातीय वर्ग के मुख्यमंत्री हैं। मध्यप्रदेश में जनजातीय समुदाय से आने वाले श्री मंगुभाई पटेल राज्यपाल के पद पर आसीन हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रगीत वंदे मातरम् को भी 150 साल पूरे हो गए हैं। वंदे मातरम् आज भारत की एकता और अखण्डता का प्रेरणास्त्रोत गीत बन गया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सभी को जनजातीय गौरव दिवस की शुभकामनाएं देते हुए भगवान बिरसा मुंडा की जय का उद्घोष कराया।

### भगवान बिरसा मुंडा ने अपनी संस्कृति और गौमाता की रक्षा करते हुए आजादी की लड़ी लड़ाई : मुख्यमंत्री डॉ. यादव




जबलपुर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में देशभर में विगत पांच सालों से भगवान बिरसा मुंडा की जयंती धूमधाम से मनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी शासन के कानूनों, कर-वसूली और जंगल पर कब्ज़े के खिलाफ जनजातीय समाज ने अपने तरीके से स्वराज का ध्वज उठाया और मध्यप्रदेश लंबे समय तक अंग्रेजों के लिए सबसे कठिन क्षेत्र बन गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में सबसे अधिक जनजातीय आबादी मध्यप्रदेश में है। रानी दुर्गावती ने 500 वर्ष पहले मुगलों क खिलाफ सम्मान, स्वाभिमान और राष्ट्र गौरव के लिये लड़ाई लड़ी। इसके साथ ही हमारे कई जनजातीय नायकों- टंट्या मामा, खाज्या नायक, भीमा नायक, शंकर शाह, रधुनाथ शाह, छितू किराड़ ने अपनी जल, जंगल और जमीन के लिए अंग्रेजों से संघर्ष किया। भगवान बिरसा मुंडा ने अपनी संस्कृति और गौमाता की रक्षा करते हुए आजादी की लड़ाई लड़ी। मात्र 25 साल की अल्पायु में भारत माता की आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष में प्रदेश के बड़वानी, आलीराजपुर और जबलपुर में जनजातीय वर्ग के लिए विशेष आयोजन हुए।




### पूर्वजों को मोक्ष दिलाने के लिए मां ने घोंटा अपने 2 बेटों का गला, ससुर को भी मारने दौड़ी

गांधीनगर (आरएनएस)। मोक्ष के नाम पर कोई कितना अंधविश्वासी हो सकता है, गुजरात के नवसारी से ऐसी हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक महिला ने कथित रूप से अपनों बच्चों को इसलिए मार डाला क्योंकि वह अपने पूर्वजों को मोक्ष दिलवाना चाहती थी। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, नवसारी में एक महिला ने अपने दो बच्चों का मर्डर कर दिया। इसमें किसी हथियार का इस्तेमाल नहीं हुआ। महिला ने अपनो हाथों से ही बच्चों का गला घोंट दिया। आरोप के मुताबिक, महिला अपने ससुर को मारने भी दौड़ी थी लेकिन किसी तरह वो बच गए। नवसारी पुलिस के अनुसार, ये घटना गुरुवार रात को बिलिमोरा कस्बे के देसरा क्षेत्र के एक फ्लैट में हुई।

## आधार सिर्फ पहचान के लिए, वोटर लिस्ट से नहीं कटेगा नाम, चुनाव आयोग का हलफनामा




नई दिल्ली(ए.)। चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में साफ किया है कि मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया (एसआईआर) में आधार कार्ड का इस्तेमाल सिर्फ व्यक्ति की पहचान जांचने के लिए हो रहा है। आधार नागरिकता साबित करने का कोई सबूत नहीं है। आयोग ने कहा कि सिर्फ आधार कार्ड होने या न होने की वजह से किसी का नाम वोटर लिस्ट में नहीं जोड़ा जाएगा और न ही काटा जाएगा। यह कदम सिर्फ डुप्लिकेट नाम हटाने और सही पहचान सुनिश्चित करने के लिए है। हलफनामे में आयोग ने 8 सितंबर के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला दिया। कोर्ट ने कहा था कि आधार का इस्तेमाल पहचान सत्यापित करने के लिए किया जा सकता है। इसी के आधार पर आयोग ने बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को निर्देश दिए थे कि आधार कार्ड सिर्फ पहचान के लिए इस्तेमाल हो। आयोग ने आधार एक्ट की धारा 9 और जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 23(4) का जिक्र करते हुए साफ किया कि आधार को नागरिकता का प्रमाण नहीं माना जा सकता। न ही इसे वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने या हटाने का आधार बनाया जा सकता है। यह मामला बिहार में मतुआ समुदाय और अन्य लोगों के बीच डर का कारण बना था। कई लोग डर रहे थे कि पुराने दस्तावेज न होने पर उनका नाम वोटर लिस्ट से कट जाएगा, लेकिन आयोग ने स्पष्ट किया कि ऐसा नहीं होगा। पहचान जांच के लिए आधार के अलावा अन्य दस्तावेज जैसे पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, राशन कार्ड आदि भी मान्य हैं। चुनाव आयोग ने कहा कि उसका मकसद पारदर्शी और सही मतदाता सूची तैयार करना है। किसी भी नागरिक का वोटिंग का हक छीना नहीं जाएगा। बिहार में चल रही मतदाता सूची संशोधन प्रक्रिया में इन निर्देशों का सख्ती से पालन होगा। आयोग ने सभी राज्यों को भी यही निर्देश दिए हैं कि आधार का गलत इस्तेमाल न हो। यह कदम लोकतंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में है।

### हार का मातम : लालू यादव की बेटी रोहिणी का राजनीति से सन्यास, परिवार से दूरी बनाने का भी ऐलान

पटना ,(आरएनएस)। बिहार की राजनीति में शनिवार को उस समय हलचल मच गई, जब राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने राजनीति छोड़ने का फैसला लिया। इसके साथ ही उन्होंने अपने परिवार से दूरी बनाने की भी घोषणा की।

रोहिणी आचार्य ने यह भी कहा कि संजय यादव और रमीज ने उनसे यही करने के लिए कहा था। उन्होंने पोस्ट में यह भी कहा कि वे अपने ऊपर सभी चीजों का दोष ले रही हैं। रोहिणी आचार्य ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में लिखा, मैं राजनीति छोड़ रही हूं और अपने परिवार से नाता तोड़ रही हूं। संजय यादव और रमीज ने मुझसे यही करने को कहा था। मैं सारा दोष अपने ऊपर ले रही हूं।

रोहिणी के इस फैसले ने आरजेडी में ही नहीं, पूरे बिहार की राजनीति में हलचल पैदा कर दी है।



# महापुरूषों के स्मरण से मन में देश प्रेम की भावना जागृत होती है : उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

## कन्या महाविद्यालय में आयोजित भगवान बिरसा मुण्डा जयंती समारोह में शामिल हुए

भोपाल (ए)। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि महापुरूषों के स्मरण से मन में देशप्रेम की भावना जागृत होती है। महापुरूषों की जयंती मनाने का उद्देश्य है कि उनके जीवन चरित्र का आत्मावलोकन किया जाए। श्री शुक्ल कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय रीवा में आयोजित भगवान बिरसा मुण्डा जयंती समारोह में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन हम सबका सिर गर्व से ऊंचा करने वाला दिन है क्योंकि आज वीर नायक भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती गौरव दिवस के रूप में मनाई जा रही है। भगवान बिरसा मुण्डा ने अपने जीवनकाल के मात्र 25 वर्षों में आजादी की लड़ाई में जो अहम भूमिका निभाई थी, जिसके फलस्वरूप हम सब आज खुले में सांस ले रहे हैं। श्री शुक्ल ने कहा कि जनजातीय समुदाय के लोगों ने देश को स्वतंत्र कराने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। भगवान बिरसा मुण्डा एवं स्वामी विवेकानंद जैसे महापुरूषों के



आदर्श जीवन को आत्मसात करते हुए उनके बताए रास्ते पर चलकर ही देश को विश्वगुरू बनाया जा सकता है। उन्होंने युवा वर्ग से आह्वान किया कि महापुरूषों के आदर्श जीवन के संस्कार अपने जीवन में उतारें और अपने साथ अपने परिवार व समाज के लिए परोपकार के कार्य करें।

उप मुख्यमंत्री ने युवाओं से समाज में व्याप्त विकृतियों, नशे तथा मानवीय अवगुणों के विरूद्ध लड़ाई लड़ने का आह्वान किया। उन्होंने विकसित रीवा के साथ क्लीन रीवा व ग्रीन रीवा बनाने में सहभागी बनने का आह्वान भी किया। स्वागत उद्बोधन प्राचार्य श्रीमती विभा श्रीवास्तव ने दिया। उप मुख्यमंत्री ने भगवान बिरसा मुण्डा के जीवन चरित्र पर आधारित निबंध एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के विधायक प्रतिनिधि विवेक दुबे, पूर्व उपाध्यक्ष गौसंवर्धन बोर्ड राजेश पाण्डेय, केके गर्ग, महाविद्यालय के कार्यालय प्रभारी पुनीत मिश्रा सहित प्राध्यापक तथा छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सरोज गोस्वामी ने किया।

## गुरुकुलम में जनजातीय गौरव दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम हुआ संपन्न

भोपाल (ए.)। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे जनजातीय गौरव दिवस पर शनिवार को गुरुकुलम एकलव्य आदर्श आवासीय परिसर, बावड़िया कला में जिला स्तरीय कार्यक्रम का रंगारंग आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक कल्याण, घुमन्तु एवं अर्धघुमन्तु कल्याण राज्यमंत्री श्रीमती कृष्णा गौर उपस्थित रहीं। विशेष अतिथि के रूप में सांसद, खजुराहो लोकसभा क्षेत्र विष्णुदत्त शर्मा एवं विधायक, दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र भगवानदास सबनानी कार्यक्रम में शामिल हुए। अतिथियों का स्वागत आदिवासी संगीत एवं नृत्य की पारंपरिक प्रस्तुतियों के साथ किया गया तथा अतिथियों द्वारा पौधरोपण भी किया गया।कार्यक्रम में कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग प्रशांत आर्य, प्राचार्य अमृतराज झारिया, साजन कुमार झा एवं वेद प्रकाश पांडे गुरुकुलम परिसर में उपस्थित रहे। अतिथियों ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और आदिवासी समाज के उत्थान में उनके अद्वितीय योगदान पर प्रकाश डाला। राज्यमंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि बिरसा मुंडा का जीवन युगों-युगों तक प्रेरणा देता रहेगा।

# लिंक रोड नं. एक पर BCLL बस में लगी भीषण आग, बड़ा हादसा टला

*- ड्राइवर-कंडक्टर की सूझबूझ से बचीं सवारियां - 'चलो' एप का झगड़ा और सिस्टम का मेंटेनेंस कमजोर*



भोपाल (ए)। राजधानी के लिंक रोड नंबर 1 पर शनिवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड ( BCLL) की TR-4 रूट पर चल रही लो-फ्लोर बस के पिछले हिस्से से अचानक धुआँ उठने लगा। बस बोर्ड ऑफिस चौराहे से न्यू मार्केट की ओर जा रही थी। जैसे ही धुआँ बढ़ना शुरू हुआ, ड्राइवर और कंडक्टर ने तुरंत बस रोककर सभी यात्रियों को नीचे उतार लिया। इस तेजी से लिए गए निर्णय की वजह से कोई जनहानि नहीं हुई और बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के मुताबिक, बस के इंजन वाले हिस्से में शॉर्ट सर्किट होने के कारण आग लगने की स्थिति बन गई। हालांकि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन बस का पिछला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। नगर निगम के एमआईसी मेंबर मनोज राठौर के अनुसार, उस समय बस में 8 से 10 सवारियां मौजूद थीं, जो सुरक्षित बाहर निकाल ली गईं। बस के सभी दस्तावेज पूर्ण बताए गए हैं, फिर भी कारणों की जांच के निर्देश दिए गए हैं। पब्लिक ट्रांसपोर्ट की दुर्दशा को लेकर पूर्व में हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने भी विधानसभा में तारांकित प्रश्न लगाकर चिंता व्यक्त की थी। लगातार बंद होती बसों और यात्रियों की बढ़ती मुश्किलों पर सरकार और बीसीएलएल प्रबंधन से समाधान की मांग की गई थी।

### - BCLL बसों की खराब स्थिति

इस घटना ने एक बार फिर बीसीएलएल बसों की मेंटेनेंस व्यवस्था और तकनीकी जांच पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। शहर में लंबे समय से बीसीएलएल बसों की खराब हालत और लगातार बंद होती बसों को लेकर विवाद बना हुआ है।

### - 368 बसों में से केवल 60 चल रहीं

भोपाल में पब्लिक ट्रांसपोर्ट की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। कभी शहर की सड़कों पर 368 बसें दौड़ा करती थीं, वहीं अब इनकी संख्या घटकर केवल 60 रह गई है। बीते कुछ वर्षों में अलग-अलग एजेंसियों के बस संचालन बंद करने से यात्री भारी परेशानी में हैं। बीसीएलएल के माध्यम से शहर में चार एजेंसियां मां एसोसिएट्स, एपी मोटर्स, श्री दुर्गांबा और आई-मोबिलिटी बसों का संचालन कर रही थीं। सबसे पहले पिछले वर्ष 4 जुलाई को मां एसोसिएट्स ने अपनी 149 बसें बंद कर दीं। मुख्य कारण था 'चलो एप' द्वारा प्रति किलोमीटर भुगतान राशि घटाने की मांग, जिसके चलते विवाद बढ़ता गया। डेढ़ साल तक समाधान नहीं निकलने के बाद अन्य एजेंसियों ने भी सेवाएं बंद कर दीं और बसों की संख्या तेजी से घटती चली गई।

## भावांतर योजना में लगातार बढ़ोत्तरी जारी, सोयाबीन का मॉडल रेट बढ़कर 4225 रुपये हुआ




भोपाल,(ए)। भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए शनिवार को 4225 रुपये प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। सोयाबीन के मॉडल रेट में लगातार वृद्धि जारी है। पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपये प्रति क्विंटल जारी किया गया था। इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए, 9 और 10 नवंबर को 4036 रुपए, 11 नवंबर को 4056 रुपये, 12 नवंबर को 4077 रुपए, 13 नवंबर को 4130 रुपये और 14 नवंबर को 4184 रुपये प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ।

## दो बच्चो की मॉ को लिवइन में रखकर किया दुष्कर्म, फिर शादी करने से मुकरा

भोपाल, (ए.)। मिसरोद थाना इलाके में एक युवक द्वारा दो बच्चों की मां को शादी का झांसा देकर अपने साथ आठ साल तक लिव इन रिलेशनशिप में रखते हुए दुष्कर्म किये जाने का मामला सामने आया है। बीते दिनो आरोपी ने उसके साथ शादी करने से इंकार कर दिया। जिसके बाद मामला थाने जा पहुचां, पुलिस ने आरोपी लिव इन पार्टनर के खिलाफ दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 39 वर्षीय विवाहिता ने अपनी शिकायत में बताया की पूर्व में उसकी शादी हुई थी, उसके दो बच्चे भी है। बाद में उसका पति उसे छोड़कर चला गया था। इस दौरान वह पड़ोस में रहने वाले सचिन कहार के संपर्क में आई। आरोपी युवक ने उससे नजदीकियां बढ़ाई और शादी करने का झांसा देकर साल 2017 से अपने साथ लिव-इन में रख लिया था। इस दौरान वह जल्द शादी करने का झांसा देकर लगातार उसका शारीरिक शोषण करता रहा। काफी साल बीत जाने पर बीते दिनो जब पीड़िता ने उस पर शादी करने का दबाव बनाया तब आरोपी पहले तो टाल मटोल करता रहा।

## भोपाल में 2.25 लाख के नकली नोट के साथ युवक गिरफ्तार, बनाने का सामान जब्त



भोपाल, (ए.)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में पिपलानी थाना पुलिस ने घर में नकली नोट छापने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी से 2.25 लाख रुपये कीमत के नकली नोट और नोट बनाने का सामान बरामद किया है। बताया जा रहा है कि युवक प्रिंटिंग प्रेस में काम कर चुका है और उसी अनुभव का इस्तेमाल कर घर में नोट छाप रहा था। पुलिस यह जांच कर रही है कि वह कब से नकली नोट तैयार कर रहा था और किन लोगों तक पहुंचा चुका है।एडिशनल डीसीपी गौतम सोलंकी ने शनिवार को जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार शाम को सूचना मिली थी कि शांति नगर झुग्गी बस्ती के पास एक युवक नकली नोट चलाने की फिराक में घूम रहा है। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया और उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 500 रुपये के 23 नकली नोट बरामद हुए। आरोपी ने अपना नाम विवेक यादव (निवासी मुरली नगर, करोंद) बताया। पुलिस पूछताछ में विवेक ने बताया कि वह अपने ही घर में कम्प्यूटर और प्रिंटर की मदद से नकली नोट छाप रहा था। वह प्रिंटिंग प्रेस में काम कर चुका है, इसलिए उसे डिजाइनिंग और प्रिंटिंग का अनुभव है। इसका इस्तेमाल नकली नोट छापने में कर रहा था।आरोपी की निशानदेही पर पुलिस उसे उसके घर लेकर पहुंची। घर की तलाशी में पुलिस को 500 रुपये के 428 नकली नोट मिले।

# वित्तीय क्षेत्र में अनक्लेम्ड अस्सेट्स के सुगम और त्वरित निराकरण के लिए किया शिविर का आयोजन

### शिविर के माध्यम से जनता से अभियान का लाभ उठाने के लिए अपील




भोपाल,(ए)। वित्तीय क्षेत्र मे अनक्लेम्ड अस्सेट्स के सुगम और त्वरित निराकरण के लिए शिविर का आयोजन वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार क्षेत्रीय निदेशक रिज़र्व बैंक ऑफ़ इंडिया सुश्री रेखा चंदानावेली की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय भोपाल मे किया गया। शिविर का आयोजन जिला अग्रणी बैंक, बैंक ऑफ इंडिया द्वारा किया गया। जिसमें सभी बैंको के अधिकारी, एलआईसी के वरिष्ठ अधिकारी, न्यू इंडिया इंश्योरेंस एवं अन्य निजी क्षेत्र के इंश्योरेंस कंपनी के अधिकारी एवं हितग्राही उपस्थित रहे।

क्षेत्रीय निदेशक ने सभी वित्तीय संस्थानों के अनक्लेम्ड अस्सेट्स प्रकरणो को निपटान के लिए किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की एवं उनके लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र भी बांटे।

शिविर के माध्यम से उन्होने भोपाल की जनता से भी इस अभियान का लाभ उठाने के लिए अपील की।

# सनातन संस्कृति का अपमान बर्दाश्त नहीं होगा : शैलेन्द्र कृष्ण शास्त्री की गर्जना

### - भोपाल में श्रीराम कथा के तृतीय दिवस पर भक्ति और चेतना का संगम




भोपाल (ए)। मानस धाम कॉलोनी, पिपलिया लांबाखेड़ा में चल रही श्रीराम कथा के तृतीय दिन का आयोजन हजारों भक्तों की उपस्थिति में अत्यंत भक्ति-भाव से संपन्न हुआ। वृंदावन धाम से पधारे राष्ट्रीय प्रवक्ता पूज्य धर्मपथिक शैलेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी ने अपनी तेजस्वी, ओजपूर्ण वाणी से वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। भक्तों ने अद्भुत तन्मयता से कथा का रसपान किया।

शास्त्रीजी ने अपने प्रवचन में कहा कि मनुष्य से भूल होना स्वाभाविक है, पर उसे सुधार लेना ही सच्ची भारतीय संस्कृति है। उन्होंने बताया कि 'धन्यवाद' शब्द का उद्गम भगवान शिव की वाणी से माना गया है। भगवान के नाम का स्मरण और गुणगान ही वास्तविक धन्यवाद है। उन्होंने श्रीराम अवतार के तीन प्रमुख कारण- जय-विजय का श्राप, वृंदा का श्राप और नारदजी का श्राप— का मार्मिक वर्णन किया। गुरुदेव ने तिनके, धूल और पुराने वस्त्र तक के सम्मान का संदेश देते हुए कहा, अहम जीवन की उन्नति में सबसे बड़ा बाधक है।

### - बॉलीवुड को चेतावनी

प्रवचन के दौरान शास्त्रीजी ने फिल्मों और वेब सीरीज में देवी-देवताओं के अपमान पर कड़ा रोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति का मजाक उड़ाने वालों पर प्रतिबंध लगना चाहिए, क्योंकि यह केवल धर्म नहीं, मानवता का भी अपमान है। युवाओं से उन्होंने सनातन धर्म की रक्षा के लिए संगठित होने का आह्वान किया।

### - जयघोषों के साथ जन्मोत्सव

जैसे ही मंच से भगवान श्रीराम के जन्म की कथा वर्णित हुई, पूरा पंडाल जय श्रीराम के नारे से गूंज उठा।

जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 से 5 बजे तक चल रही है।

आयोजन का दायित्व सुधीर राय, सुनील राय, सचिन राय और प्रकाशचंद्र राय संभाल रहे हैं, जबकि मीडिया प्रभारी राजेश राय व सुधीर राय ने बताया कि प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्त कथा श्रवण के लिए पहुंच रहे हैं।

## प्रदेश में विकास के साथ जनजाति समाज भी शिक्षित और विकसित हो रहा है- हेमंत खण्डेलवाल

भोपाल,(ए)। मध्य प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर आलीराजपुर में आयोजित जनजातीय गौरव



दिवस कार्यक्रम में सहभागिता कर संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने अपने साहस और संघर्ष से अंग्रेजी शासन को चुनौती दी थी। उनके हृदय में गहरी देशभक्ति बसती थी। आज हमारी युवा पीढ़ी को उनके कार्यों और आदर्शों का अनुसरण करने की आवश्यकता है। प्रदेश के सतत विकास के साथ-साथ जनजातीय समाज भी शिक्षा और प्रगति की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के आलीराजपुर पहुंचने पर जनजातीय भाई-बहनों ने आत्मीय स्वागत किया। भगवान बिरसा मुंडा के बताए मार्ग पर चले युवा - हेमंत खण्डेलवालभारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा एक ऐसे व्यक्तित्व थे, जिन्होंने अंग्रेजी शासन को चुनौती दी थी और उनके हृदय में गहरी देशभक्ति थी।

# शामगढ़ में 40 एमवीए क्षमता का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफॉर्मर स्थापित : ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

## मंदसौर जिले की पारेषण क्षमता मे हुई बढ़ोतरी

भोपाल (ए.)। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि मंदसौर जिले की पारेषण व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण करते हुए मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने 132 केवी सबस्टेशन शामगढ़ में एक 40 एमवीए क्षमता का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफॉर्मर स्थापित कर इसे ऊर्जीकृत किया है। इससे सब-स्टेशन में अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफॉर्मर की उपलब्धता के साथ-साथ शामगढ़ तहसील क्षेत्र के 21 हजार विद्युत उपभोक्ताओं को निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली मिलेगी। इस ट्रांसफॉर्मर से सब-स्टेशन की क्षमता 40 एमवीए से बढ़कर अब 80 एमवीए हो गयी है।

### मंदसौर जिले की पारेषण क्षमता में वृद्धि

एमपी ट्रांसको के अधीक्षण अभियंता वाय. आर. मांडलेकर ने बताया कि इससे मंदसौर जिले के चंदवासा, शामगढ़ तथा लिफ्ट इरीगेशन फीडर के साथ 17000 घरेलू, 4000 सिंचाई एवं 3 हाई टेंशन उपभोक्ताओं को फायदा मिलेगा। मंदसौर जिले में एमपी ट्रांसको के कुल 12 एक्स्ट्रा हाई टेंशन सब-स्टेशन हैं, जिनकी कुल क्षमता 2559 एमवीए से बढ़कर 2599 एमवीए की हो गई है।





मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आलीराजपुर में राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस पर आयोजित समारोह में जनजातीय भाई-बहनों के साथ।

## कालापीपल एवं शुजालपुर के मतदान केन्द्रो पर बीएलओ के कार्यों का निरीक्षण

शाजापुर (ए.) । शुजालपुर तहसीलदार राकेश खजुरिया द्वारा शाजापुर जिले की विधानसभा 169 कालापीपल के मतदान केन्द्र क्रमांक 139, अमलाय, 145-डाबरी, 146- डुंगलाय, 147- डुंगलाय, 148- मगरानिया एवं विधानसभा शुजालपुर के मतदान केन्द्र क्रमांक 259 जेठडा में मतदान केन्द्रो का निरीक्षण कर बीएलओ के कार्य की समीक्षा की गई। इस दौरान बी.एल.ओ द्वारा मतदान केन्द्रो पर वितरित किये जा रहे गणना पत्रक की जानकारी ली गई एवं बी.एल.ओ के माध्यम से बी.एल.ओ एप पर दर्ज गणना पत्रक के बारे मे उचित मार्ग दर्शन दिया गया। निर्वाचन के तहत एसआईआर के कार्य में गति लाने एवं मतदाता को जागरूक करने के लिए गतिविधि की गई।

# नई सड़क बनने पर क्षेत्रीय बस्तियों के लिये आवागमन सुगम होगा : ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

### मंत्री श्री तोमर ने न्यू तुलसी बिहार में किया सीमेंट कांक्रीट रोड का भूमिपूजन



ग्वालियर (ए.) । ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने शनिवार को उप नगर ग्वालियर के वाई-14 में न्यू तुलसी बिहार से गायत्री नगर की पुलिया तक 18.69 लाख की लागत से बनने जा रही सीमेंट कांक्रीट रोड का भूमि पूजन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार मजबूत आधारभूत संरचना के साथ हर मोहल्ले तक सुगम सुविधाएँ पहुँचाने के लिये कृत संकिल्पत है। इसी कड़ी में यह नवीन मार्ग क्षेत्रवासियों के लिए सुगम यातायात और बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगा। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नगर निगम प्रशासन, विद्युत वितरण कम्पनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और ओम प्रकाश नामदेव, दीपक मनपुरिया, संजय शर्मा, उदय राज तोमर, के के कुशवाहा आदि जन उपस्थित रहे। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ तय समय-सीमा में पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि नागरिकों को किए गए वादे के अनुसार क्षेत्र में विकास कार्यों में किसी तरह की कमी नहीं रहने दी जाएगी। आवागमन के लिए सड़कों के निर्माण में पूरा ध्यान रखा जा रहा है कि सड़के निर्माण के बाद लंबे समय तक चलें, इसलिए सीमेंट क्रांकीट रोड बनाए जा रहे हैं। नागरिकों को स्वच्छ पर्यावरण मिले इसके दृष्टिगत हर कॉलोनी के पार्कों का विकास किया जा रहा है। कॉलोनी में सीवेज सिस्टम को भी ठीक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई का ध्यान रखना हम सबकी जिम्मेदारी है।

## लश्कर मंडी के प्रभारी सचिव महेन्द्र मीणा को हटाया

**कलेक्टर श्रीमती चौहान के प्रतिवेदन पर राज्य कृषि विपणन बोर्ड ने की कार्रवाई**

ग्वालियर (ए.) । कृषि उपज मंडी लश्कर के प्रभारी सचिव एवं मंडी निरीक्षक महेन्द्र सिंह मीणा को इस दायित्व से मुक्त कर दिया गया है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान द्वारा लिखे गए पत्र के आधार पर राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा इस आशय का आदेश जारी किया गया है। ज्ञात हो बीते रोज कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने कृषि उपज मंडी लश्कर का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्होंने मंडी परिसर में हो रही धान खरीदी एवं यहां की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया था। साथ ही धान बेचने आए किसानों से रूबरू होकर उनकी समस्यायें भी सुनीं थीं। कलेक्टर ने मंडी परिसर में मिली अव्यवस्थाओं व अनियमितताओं एवं किसानों के लिये मूलभूत सुविधाओं के अभाव का उल्लेख करते हुए प्रभारी मंडी सचिव महेन्द्र सिंह मीणा को हटाने के लिये राज्य कृषि विपणन बोर्ड को पत्र लिखा था। इस परिपालन में कृषि विपणन बोर्ड द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई है। कृषि विपणन बोर्ड ने आंचलिक कार्यालय ग्वालियर में पदस्थ आलोक वर्मा को तात्कालिक रूप से कृषि उपज मंडी लश्कर के सचिव का दायित्व सौंपा है।

# खेत पर रखवाली कर रहे दंपति की बेरहमी से हत्या - सुनहरा ग्राम में मातम, पूरे इलाके में दहशत

**कटनी के बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार सुबह खेत के घर में लल्लू राम व उनकी पत्नी प्रभा कुशवाहा खून से लथपथ मृत पाए गए**



कटनी/बड़वारा (ए.)। जिले के बड़वारा थाना क्षेत्र स्थित सुनहरा ग्राम में खेत की रखवाली कर रहे दंपति लल्लू राम कुशवाहा (आयु 40) और उनकी पत्नी प्रभा कुशवाहा (आयु करीब 35) की शनिवार की सुबह खेत के घर पर गहन चोटों के साथ खून से लथपथ मृतावस्था में मिली। घटना की जानकारी स्थानीय ग्रामीणों ने दी, जो सुबह खेत के पास से गुजरते समय दोनों को मृत पाया। मृतक लल्लू राम, पिता लखन लाल कुशवाहा, और उनकी पत्नी लंबे समय से संत कुमार श्रीवास के खेत की रखवाली करते थे। उनके साथ लगभग 13 वर्ष की पुत्री रश्मि भी रहती थी। घटना की सूचना पाकर तत्काल ग्रामीणों की भीड़ थी और स्थान पर सनसनी फैल गई।

सूचना पर बड़वारा थाना पुलिस तेजी से घटनास्थल पर पहुंची और विस्तृत मुआयना कर दोनों शव कब्जे में लेकर आवश्यक पंचनामा पूरा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। थाना प्रभारी के. के. पटेल ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह स्पष्ट रूप से हत्या का मामला प्रतीत होता है और मृतकों के शरीर पर चोटों के स्पष्ट निशान हैं। हत्या किस प्रकार के औज़ार से हुई और इसके पीछे की मंशा क्या थी — इन बिंदुओं पर पुलिस बारीकी से जांच कर रही है। आसपास के ग्रामीणों और परिजनों से पूछताछ की जा रही है तथा घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। पुलिस ने क्षेत्र में लगे सीसीटीवी व संभावित गवाहों की पहचान कर उनसे जानकारी लेने का काम शुरू कर दिया है। सुनहरा ग्राम में हुई इस निर्दय हत्या से गांव में भय और आक्रोश का माहौल है; परिजनों की स्थिति नाजुक है — खासकर 13 वर्षीय पुत्री रश्मि पर यह घटना गहरा संकट छोड़ती है। घटना ने यह सवाल खड़े कर दिए हैं कि खेतों में रखवाली करने वाले मजदूर-परिवारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं। स्थानीय लोग त्वरित और पारदर्शी जांच व दोषियों को कड़ाई से दण्डित करने की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि हर उपलब्ध साधन से तफ्तीश कर जल्द नतीजे सार्वजनिक किए जाएंगे और मामले की गहनता से जांच करायी जाएगी।

## श्योपुर में जमीन विवाद के चलते युवक की हत्या

श्योपुर,(ए.)। मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले के मानपुर थाना क्षेत्र में जमीन विवाद के चलते एक व्यक्ति की हत्या का मामला सामने आया है। युवक की मौत विवाद के बाद अस्पताल में आकर हुई है। घटनाक्रम के अनुसार शुक्रवार शाम हुई मारपीट में गंभीर रूप से घायल सुदीप चौहान (49) पुत्र ओंकार सिंह चौहान, निवासी वार्ड क्रमांक 13 महाराणा प्रताप नगर ने जिला अस्पताल में इलाज के दौरान शनिवार को दम तोड़ दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, फरियादी ने घायल अवस्था में दुर्गापुरी चौकी पहुंचकर घटना की सूचना दी। इसके बाद पुलिस घायल को मानपुर थाना ले गई और तुरंत जिला अस्पताल भेजा। चिकित्सकों के प्रयासों के बावजूद गंभीर चोटों के कारण युवक की जान नहीं बचाई जा सकी। प्रारंभिक जांच में मामला जमीन के विवाद का सामने आया है। बताया गया है कि सुदीप चौहान की क्यारपुरा क्षेत्र में जमीन है, जिसे भत्ते पर दिया हुआ था।

## अवैध शराब ठिकानों पर दबिश, 60 लीटर हाथ भट्टी शराब जप्त कर, 12 प्रकरण किए दर्ज



**- आबकारी विभाग की कार्रवाई**

शिवपुरी (ए.)। शिवपुरी शहर में शराब के अवैध कारोबार के खिलाफ जिला आबकारी विभाग की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में आबकारी विभाग शिवपुरी के द्वारा शनिवार को वृत्त शिवपुरी में बड़ी कार्यवाही की गई हैं। जिला आबकारी अधिकारी शुभम दांगोड़े के नेतृत्व में जिले के नियंत्रण कक्ष प्रभारी एवं वृत्त शिवपुरी प्रभारी तीर्थराज भारद्वाज द्वारा शिवपुरी क्षेत्र अंतर्गत आने वाले नोहरीकला बंजारों का डेरा, ग्राम कांकर मोंगियों का डेरा, सतनवाडा सहित आदि क्षेत्रों में दबिश देकर मौके से 60 लीटर हाथ भट्टी शराब ज़ब्त कर 1600 किलोग्राम गुडलहान सैंपल लेकर मौक़े पर नष्ट किया गया।

दबिश कार्यवाही में आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) के कुल 12 आपराधिक प्रकरण दर्ज किए गए। ग्राम कांकर एवं सतनवाडा में सतनवाडा पुलिस थाना प्रभारी सुनील राजपूत अपने स्टाफ के साथ उपस्थित रहे .उक्त संपूर्ण कार्यवाहियों में वृत्त प्रभारी डॉ तीर्थराज भारद्वाज, आबकारी उपनिरीक्षक गौरव कोल, लोकेश बेवारिया, आरक्षक सतीश, डोंगर सिंह रितिक, मुकेश, सैनिक रवि एवं सुमन का भविष्य में आबकारी विभाग शिवपुरी द्वारा नशीले पदार्थों के विरुद्ध कार्यवाही सतत् जारी रहेगी।

# व्यापार समाचार

## सस्ता हुआ सोना-चांदी, 1700 रुपए से भी ज्यादा गिरे पीली धातु के दाम

मुंबई ,(ए.) । सोना-चांदी के रेट्स में आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को गिरावट दर्ज की गई। 1 किलोग्राम चांदी का भाव 1.60 लाख रुपए के नीचे आ गया है। वहीं, 24 कैरेट सोने की कीमत में भी 1700 रुपए से भी ज्यादा की गिरावट आई है।

इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत 1,24,794 रुपए दर्ज की गई है, जो कि इससे पहले कारोबारी दिन गुरुवार को 1,26,554 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। बीते 24 घंटों में सोने के दाम में 1,760 रुपए प्रति 10 ग्राम की गिरावट आई है।

इसी तरह, 22 कैरेट सोना भी 1,15,923 रुपए प्रति 10 ग्राम से घटकर 1,14,311 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। 18 कैरेट सोने का भाव भी 94,916 रुपए प्रति 10 ग्राम से घटकर 93,596 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। एक किलोग्राम चांदी का भाव 1,59,367 रुपए पर आ गया है, जो कि इससे पहले 1,62,730 रुपए प्रति किलोग्राम दर्ज किया गया था। चांदी की कीमत में 3363 रुपए प्रति किलोग्राम की बड़ी गिरावट दर्ज की गई है।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने के 5 दिसंबर 2025 के कॉन्ट्रैक्ट का दाम 3.29 प्रतिशत घटकर 1,22,575 रुपए पर पहुंच गया है, जबकि चांदी के 05 दिसंबर 2025 के कॉन्ट्रैक्ट का दाम 4.68 प्रतिशत की गिरावट के बाद 1,54,870 रुपए पर पहुंच गया है।

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट देखी जा रही है। कॉमेक्स पर सोने का दाम 3.15 प्रतिशत घटकर 4,062.30 डॉलर प्रति औंस और चांदी का दाम 4.88 प्रतिशत की गिरावट के बाद 50.57 डॉलर प्रति औंस हो गया है।

एलकेपी सिक्योरिटीज के कमोडिटी और करेंसी वीपी रिसर्च एनालिस्ट जतिन त्रिवेदी ने कहा, कल शाम की बिकवाली के बाद सोने की कीमतें कमजोर रहीं। फेडरल रिजर्व मेंबर्स के कमेंट्स से पता चलता है कि ताजा आर्थिक आंकड़ों की कमी के चलते ब्याज दरों में कटौती को लेकर देर हो सकती है, जिससे बुलियन सेंटीमेंट कमजोर हो गया।

उन्होंने आगे कहा कि डॉलर इंडेक्स मजबूत होने से सोने पर दबाव बढ़ा। कीमतें 1,27,000 रुपए के उच्च स्तर से गिरकर 1,25,600 रुपए पर आ गई हैं लेकिन अभी भी 4 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त बरकरार बनी हुई है। सोने की कीमतें 1,24,000-1,27,500 रुपए के दायरे में अस्थिर रहने की उम्मीद है।

## फोन से लेकर लैपटॉप की दुनिया में दिग्गज कंपनी फिलीस्पस देगी दस्तक, भारत में जल्द होगी एंट्री

नई दिल्ली(ए.) । भारतीय स्मार्टफोन बाजार में जल्द ही एक नया ब्रांड दस्तक देने जा रहा है। Philips नाम से आप पहले से परिचित हैं, लेकिन अब यह ब्रांड स्मार्टफोन से लेकर टैबलेट, स्मार्टवॉच और लैपटॉप तक कई नई कैटेगरी में उतरने की तैयारी कर रहा है। इन सभी प्रोडक्ट्स को भारत में Zenotel कंपनी लॉन्च करेगी।

देश में Philips ब्रांड के मोबाइल फोन और अन्य गैजेट्स की बिक्री संभालेगी। हालांकि, ध्यान देने वाली बात यह है कि Philips पहले से कई कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट्स बेचता है, जो Zenotel द्वारा लाए जाने वाले डिवाइसेस से अलग हैं। पिछले कुछ दिनों से कंपनी अपने आने वाले स्मार्टफोन के फीचर्स को टीज कर रही है। वहीं, Philips के संभावित टैबलेट की जानकारी भी सामने आई है, जिसे Philips Pad Air नाम से बाजार में उतारा जा सकता है।

## मारुति की इस गाड़ी में बड़ी खामी : फ्यूल गेज दे रहा धोखा, कंपनी ने 39,000 से ज्यादा गाड़ियां वापस मंगाई



नई दिल्ली (ए.) । देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने अपनी लोकप्रिय एसयूवी ग्रैंड विटारा की 39,000 से अधिक यूनिट्स को रिकॉल (ऋद्धष्ड्डद्यद्य) किया है। कंपनी ने यह कदम एसयूवी के फ्यूल गेज सिस्टम में एक तकनीकी खामी सामने आने के बाद उठाया है। इस रिकॉल में 9 दिसंबर 2024 से 29 अप्रैल 2025 के बीच बनी कुल 39,506 ग्रैंड विटारा यूनिट्स शामिल हैं।

**क्या है खराबी ?**

मारुति सुजुकी ने एक नियामकीय फाइलिंग में बताया है कि इन प्रभावित मॉडलों में स्पीडोमीटर असेंबली में मौजूद फ्यूल लेवल इंडिकेटर (फ्यूल गेज) और वार्निंग लाइट में खामी देखी गई है। कंपनी के अनुसार, यह इंडिकेटर कभी-कभी टैंक में मौजूद फ्यूल की वास्तविक स्थिति को सही तरीके से प्रदर्शित नहीं कर पा रहा है। इससे वाहन चालक को टैंक में बचे ईंधन के बारे में सही जानकारी नहीं मिल पाएगी, जो एक संभावित जोखिम पैदा कर सकता है।

**कंपनी मुफ्त में करेगी मरम्मत**

मारुति सुजुकी ने स्पष्ट किया है कि इस रिकॉल से प्रभावित वाहनों के मालिकों से कंपनी या उसके अधिकृत डीलर सीधे संपर्क करेंगे। ग्राहकों को नजदीकी मारुति सुजुकी वर्कशॉप पर बुलाया जाएगा, जहां एक्सपर्ट तकनीशियन इस कंपोनेंट की जांच करेंगे।

अगर खामी पाई जाती है, तो इस हिस्से को बदला जाएगा। यह पूरी प्रक्रिया (जांच और मरम्मत) ग्राहकों के लिए पूरी तरह निःशुल्क की जाएगी। कंपनी ने इसे एक प्रिकॉशनेरी स्टेप (एहतियाती कदम) बताते हुए ग्राहकों से जल्द से जल्द प्रतिक्रिया देने की अपील की है।

**एसयूवी बाजार में मजबूत पकड़**

यह रिकॉल ऐसे समय में आया है जब मारुति सुजुकी अपने एसयूवी पोर्टफोलियो को तेजी से बढ़ा रही है। टोयोटा के साथ मिलकर विकसित की गई ग्रैंड विटारा, कंपनी की फ्लैगशिप कॉम्पैक्ट एसयूवी है, जो स्ट्रॉन्ग-हाइब्रिड पावरट्रेन और ऑल-व्हील ड्राइव जैसे फीचर्स के कारण काफी लोकप्रिय है।

हाल ही में हुए जीएसटी रिफॉर्म के बाद कंपनी ने ग्रैंड विटारा की कीमत में 1,07,000 रुपये तक की कटौती की थी। अब इस एसयूवी की कीमत 10.77 लाख रुपये से शुरू होकर 19.72 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) तक जाती है।

## अदाणी ग्रुप असम के दो एनर्जी प्रोजेक्ट्स में 63,000 करोड़ रुपए निवेश करेगा, हजारों नौकरियां पैदा होंगी

अहमदाबाद (ए.) । अदाणी ग्रुप की दो कंपनियों अदाणी ग्रीन एनर्जी और अदाणी पावर ने शुक्रवार को ऐलान किया कि उन्हें असम सरकार से 63,000 करोड़ रुपए के मूल्य के दो बड़े प्रोजेक्ट्स के लेटर्स ऑफ अवॉर्ड (एओए) मिला है। इसके तहत, अदाणी पावर असम में 3,200 मेगावाट की क्षमता वाले ग्रीनफील्ड अल्ट्रा सुपरक्रिटिकल पावर प्लांट में 48,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगा। वहीं, अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) राज्य में दो पंप स्टोरेज प्लांट्स (पीएसपी) स्थापित करने के लिए 15,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगा। इनकी कुल क्षमता 2,700 मेगावाट होगी।एजीईएल ने कहा कि उसे 500 मेगावाट की एनर्जी स्टोरेज क्षमता विकसित करने के लिए भी एओए मिला है, जिसमें आपूर्ति पीएसपी से की जाएगी।स्टेट-ऑफ-द-आर्ट थर्मल पावर प्लांट और पंप स्टोरज सुविधा विकसित करने के लिए ग्रुप असम में करीब 63,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगा। अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने कहा, पूर्वोत्तर रीजन भारत की ग्रोथ स्टोरी में एक महत्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में उभर रहा है और हमें इसके परिवर्तन में योगदान देने पर गर्व है। असम में हमारा 3,200 मेगावाट का थर्मल पावर प्रोजेक्ट और 2,700 मेगावाट का पीएसपी प्रोजेक्ट सामूहिक रूप से न केवल इस सेक्टर में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े निवेश का प्रतिनिधित्व करती हैं, बल्कि एनर्जी सिक्योरिटी, इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट और रोजगार सृजन की दिशा में भी ठोस कदम हैं।




## यामाहा कंपनी ने नया स्कूटर ईसी-06 पेश किया

नईदिल्ली (ए)। भारतीय इलेक्ट्रिक स्कूटर बाजार में बड़ा कदम उठाते हुए यामाहा कंपनी ने नया ईसी-06 पेश किया है। कंपनी ने इसे आधुनिक डिजाइन, बेहतर परफॉर्मेंस और लंबी रेंज के साथ तैयार किया है। यह स्कूटर बेंगलुरु की स्टार्टअप कंपनी रिवर के साथ साझेदारी में विकसित किया गया है और इसके लोकप्रिय मॉडल रिवर इंडी के प्लेटफॉर्म पर आधारित है। यह स्कूटर 2026 की शुरुआत में भारतीय सड़कों पर उतरने के लिए तैयार होगा। यामाहा ईसी-06 का डिजाइन पारंपरिक इलेक्ट्रिक स्कूटरों से अलग और ज्यादा स्पोर्टी है। इसकी बॉडी को बॉक्सीनुमा और कोणीय रूप में तैयार किया गया है, जिससे इसे एक फ्यूचरिस्टिक लुक मिलता है।फ्रंट में वर्टिकल ट्विन-एलईडी हेडलाइट सेटअप दिया गया है, जो यामाहा के सिग्नेचर डिजाइन लैंग्वेज को दर्शाता है। पीछे का हिस्सा कॉम्पैक्ट और आकर्षक है, जो शहरी परिवेश में इसे और प्रीमियम लुक देता है। इसमें 4केडब्ल्यूएच की फिक्स्ड बैटरी दी गई है जो 6.7केडब्ल्यू पावर आउटपुट वाले मोटर को ऊर्जा देती है।



## सेंसेक्स और निफ्टी ने उतार-चढ़ावों के बावजूद मजबूती बनाए रखी

**– वैश्विक संकेत और विदेशी पूंजी प्रवाह ने शेयर बाजार पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला**

मुंबई (ए)। पिछले हफ्ते भारतीय शेयर बाजार उतार-चढ़ाव देखा गया। सप्ताह की शुरुआत कुछ नकारात्मक सत्रों के बाद तेजी के साथ हुई, लेकिन वैश्विक और घरेलू घटनाओं ने बाजार की चाल को लगातार प्रभावित किया। टैरिफ युद्ध, जियोपॉलिटिकल तनाव और सुस्त अर्निंग ग्रोथ जैसी चिंताओं के बावजूद, एशियाई बाजारों में सकारात्मक रुख और ब्लू-चिप शेयरों में लिवाली ने बाजार को मजबूती दी। सोमवार को सेंसेक्स 267.74 अंक बढ़कर 83,484.02 पर खुला और अंत में 83,535.35 पर बंद हुआ। निफ्टी ने भी 84.90 अंक की बढ़त के साथ 25,577.20 पर खुलकर 25,574.35 पर बंद किया। विशेषज्ञों ने कहा कि ताजा विदेशी पूंजी प्रवाह ने निवेशकों के मनोबल को मजबूती दी। मंगलवार को शुरुआत में सेंसेक्स और



निफ्टी गिरावट के साथ खुले, लेकिन अंत में तेजी लौट आई। सेंसेक्स ने 335.97 अंक की तेजी के साथ 83,871.32 पर और निफ्टी ने 120.60 अंक की बढ़त के साथ 25,694.95 पर सप्ताह का मध्यवर्ती कारोबार समाप्त किया। इस दिन बड़ी कंपनियों के शेयरों में खरीदारी ने बाजार को समर्थन दिया। बुधवार को मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच बाजार ने शानदार प्रदर्शन किया। सेंसेक्स 595.19 अंक की बढ़त के साथ 84,466.51 पर और निफ्टी 180.85 अंक की उछाल के साथ 25,875.80 पर बंद हुआ। रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंफोसिस और भारती एयरटेल जैसी प्रमुख कंपनियों में लिवाली ने इस तेजी में अहम भूमिका निभाई। गुरुवार और शुक्रवार को बाजार में अस्थिरता दिखी। गुरुवार को सेंसेक्स 12.16 अंक और निफ्टी 3.35 अंक की मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। शुक्रवार को कमजोर वैश्विक संकेतों और बिहार चुनाव से पहले की आशंकाओं के चलते बाजार में शुरुआती गिरावट देखने को मिली, लेकिन अंत में सेंसेक्स 84,562.78 और निफ्टी 25,910.05 पर स्थिर हुआ। सप्ताह के समग्र रुझान को देखें तो बाजार ने कई उतार-चढ़ावों के बावजूद मजबूती बनाए रखी।

## विविध-समाचार

### छत्तीसगढ़ में शीतलहर का प्रकोप जारीः रायपुर समेत 12 जिलों में 'येलो अलर्ट'



रायपुर,(आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में पिछले कुछ समय से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। प्रदेश के कई जिलों में तापमान 10 डिग्री से भी कम हो गया है। उत्तर-पूर्वी दिशा से आ रही शुष्क और ठंडी हवाओं का असर पूरे प्रदेश में दिख रहा है। राजधानी रायपुर में भी इस साल कड़ाके की ठंड पड़ रही है। राजधानी रायपुर समेत कई अन्य जिलों में घना कोहरा छा रहा है और पूरे दिन ठंड का एहसास हो रहा है। इसी बीच मौसम विभाग ने ठंड को ले कर येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों कुछ इलाकों में शीतलहर चलने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर भारत से आ रही ठंडी हवाओं के कारण छत्तीसगढ़ में मौसम में लगातार बदलाव हो रहे हैं। मौसम विभाग ने राजधानी रायपुर, सरगुजा, राजनांदगाव, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, बिलासपुर कोरिया, मनेंद्रगढ़, चिरमिरी, भरतपुर, जशपुर, सूरजपुर और बलरामपुर जिले में शीत लहर चलने की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने इन जिलों में शीत लहर चलने की संभावना जताई गई है जिसके लिए अलर्ट जारी किया गया हैं। वहीं राजधानी रायपुर में भी अब कड़ाके ठंड महसूस हो रही है। राजधानी रायपुर समेत आस-पास के इलाकों में सुबह से कोहरा छाने के साथ-साथ कड़ाके की ठंड पड़ रही है। लोग बिना गरम कपड़ो के घर से नहीं निकल पा रहे हैं।

### अनियंत्रित होकर डैम में गिरी कार, तीन पुलिसकर्मियों की मौत

रांची (आरएनएस)। रांची में शुक्रवार देर रात एक कार के अनियंत्रित होकर धुर्वा डैम में डूब जाने से तीन पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। शनिवार सुबह स्थानीय लोगों ने डैम में एक कार देखकर इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची।कार को बाहर निकाला गया तो उससे शव बरामद हुए। मृतकों में जमशेदपुर के प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट जज के दो बॉडीगार्ड उपेंद्र कुमार सिंह और रॉबिन कुजूर शामिल हैं। तीसरा शव एक सरकारी चालक का है, जिसकी पहचान की प्रक्रिया जारी है। पुलिस ने घटनास्थल से दो हथियार भी बरामद किए हैं। कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है।

हादसा रात में कब हुआ, किसी को जानकारी नहीं है। अनुमान लगाया जा रहा है कि कार तेज गति में रही होगी, जो अनियंत्रित होकर सीधे डैम में गिर गई। कार पर सवार लोगों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिल पाया और तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### मूंगफली समझकर खा गए जहरीले बीज, 30 बच्चे अस्पताल में भर्ती, 10 की हालत गंभीर

श्रावस्ती,(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती जिले में 30 बच्चों की हालत एक साथ बिगड़ गई, जब उन्होंने गलती से जहरीले जंगली बीजों को मूंगफली समझकर खा लिया। तबीयत बिगड़ने के बाद सभी बच्चों को आनन-फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 10 बच्चों की हालत गंभीर बनी हुई है। यह घटना श्रावस्ती के भिनगा स्थित केशवपुर गांव की है। जानकारी के मुताबिक, ये बच्चे शाम को जंगली क्षेत्र के खेतों में घूमने गए थे। वहीं उनकी नजर 'रण के बीज' (एक जहरीला जंगली बीज) पर पड़ी। बच्चों ने नादानी में इन बीजों को मूंगफली समझ लिया और सबने उन्हें खा लिया। उन्हें इस बात का जरा भी अंदाजा नहीं था कि ये बीज कितने खतरनाक साबित हो सकते हैं। बीज खाने के बाद देर रात सभी बच्चों की हालत अचानक खराब होने लगी। बच्चों की तबीयत बिगड़ती देख परिजन घबरा गए। एक के बाद एक, सभी बच्चों को लेकर परिजन जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में पहुंचे।अस्पताल में 30 बच्चों की तबीयत एक साथ बिगड़ने की सूचना पर डॉक्टरों की टीम ने तुरंत इलाज शुरू किया। इलाज के बाद 20 बच्चों की हालत में थोड़ी सुधार आया, लेकिन 10 बच्चों की हालत देर रात तक नाजुक बनी रही। फिलहाल सभी बच्चों का इलाज अस्पताल में जारी है।इमरजेंसी में मौजूद डॉक्टर एम.एम. सोनकर ने बताया कि सभी बच्चों ने कोई जहरीला पदार्थ खाया था, जिससे उनकी हालत बिगड़ी है। सभी बच्चों को डॉक्टरों की सख्त निगरानी में रखा गया है और उनका इलाज जारी है।

# पंजाब से जुड़े दिल्ली ब्लास्ट के तार : पठानकोट से डॉक्टर काबू, अल फलाह विश्वविद्यालय में कर चुका है काम

पठानकोट (आरएनएस)। मामून कैंट स्थित व्हाइट मेडिकल कॉलेज से एक बड़े मामले में एक डॉक्टर को हिरासत में लिया गया है। गिरफ्तार किए गए डॉक्टर की पहचान डॉ. रईस अहमद भट्ट के रूप में हुई है, जो एमबीबीएस, एमएस, एफएमजी और सर्जरी के प्रोफेसर हैं। 45 वर्षीय डॉ. भट्ट पिछले 3 वर्षों से व्हाइट मेडिकल कॉलेज, पीएस मामून कैंट में काम कर रहा था। अस्पताल के प्रबंधक स्वर्ण सलारिया के अनुसार, डॉ. भट्ट को देर रात अज्ञात जांच एजेंसी द्वारा गिरफ्तार किया गया, हालांकि किस एजेंसी ने उन्हें पकड़ा है, इसकी आधिकारिक जानकारी अभी उपलब्ध नहीं है।

डॉ. रईस पहले फरीदाबाद स्थित अल-फलाह विश्वविद्यालय में 4 वर्षों तक काम कर चुका है। जांच में यह सामने आया है कि वे वहां तैनात कर्मचारियों के संपर्क में भी था। बताया जा रहा है कि डॉ. भट्ट दिल्ली विस्फोट मामले के मुख्य आरोपी डॉ. उमर के संपर्क में भी था, जिसके चलते एजेंसियों ने उन्हें पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। डॉ. रईस मूल रूप से बोना



डायलगाम, अनंतनाग (जम्मू-कश्मीर) का रहने वाला है।

इस बीच, अल-फलाह विश्वविद्यालय में सामने आए सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल मामले में जांच एजेंसियों की कार्रवाई तेज हो गई है। शुक्रवार को जांच टीम ने यूनिवर्सिटी परिसर में पहुंचकर वर्तमान के साथ-साथ पूर्व कर्मचारियों और डॉक्टरों के रिकॉर्ड की बारीकी से जांच की। टीम ने यह पता लगाया कि पहले यहां कौन-कौन डॉक्टर और स्टाफ तैनात रहे हैं, वे कब तक यहां कार्यरत थे और किन परिस्थितियों में उन्होंने विश्वविद्यालय छोड़ा था। उनकी पृष्ठभूमि, निवास स्थान, मोबाइल नंबर और कार्यकाल से जुड़े सभी महत्वपूर्ण विवरण एकत्र किए गए हैं।

जांच एजेंसियों का मानना है कि इस मॉड्यूल में कई स्तरों पर नेटवर्क सक्रिय हो सकता है, जिसे तोड़ने के लिए पुराने और वर्तमान सभी कर्मचारियों की गतिविधियों और संपर्कों की छानबीन जरूरी है। अधिकारियों का कहना है कि मामले से जुड़े सभी पहलुओं को गंभीरता से जांचा जा रहा है और आने वाले दिनों में और भी खुलासे हो सकते हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के नर्मदा नदी पर जनजातीय क्षेत्रों में संपर्क सुधारने के लिए 14 जनजातीय जिलों के लिए 250 बसों को हरी झंडी दिखाई.

## अमृतसर रूरल के एसएसपी सस्पेंड, सीएम मान ने दिए आदेश; गैंगस्टरों के खिलाफ एक्शन नहीं लेने पर हुई कार्रवाई

अमृतसर (आरएनएस) । पंजाब सरकार ने अमृतसर रूरल के एसएसपी मनिंदर सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने यह कदम जिले में लगातार बढ़ रही गैंगस्टर गतिविधियों और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण न हो पाने के कारण उठाया है।

ूत्रों के मुताबिक, पिछले कुछ महीनों में जिले में कई संगठित आपराधिक मामलों में देरी, ढिलाई और समय पर कार्रवाई न होने जैसी शिकायतें सामने आ रही थीं। कई घटनाओं में पुलिस की धीमी प्रतिक्रिया और गिरोहबंद अपराध पर अंकुश लगाने में असफलता को गंभीरता से लेते हुए राज्य सरकार ने यह निर्णय लिया।

सरकारी अधिकारियों की रिपोर्ट में यह भी उल्लेख था कि इलाके में सक्रिय गैंगों पर निगरानी कमजोर पड़ रही थी और कई मामलों में खुफिया इनपुट होने के बावजूद ठोस ऑपरेशन नहीं चलाए गए। इससे अपराधियों के हौसले बढ़ने का खतरा था।

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि पंजाब में कानून-व्यवस्था के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गैंगस्टर नेटवर्क पर पूरी मजबूती से प्रहार करना सरकार की



प्राथमिकता है और इस अभियान में किसी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

मान ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जिले में सुरक्षा प्रबंधन को मजबूत करें, गैंगों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखें और आवश्यक होने पर विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई तेज करें, ताकि आम लोगों में सुरक्षा की भावना कायम रहे।

निलंबन के बाद गृह विभाग जल्द ही नए एसएसपी की नियुक्ति करेगा, जो क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की कमान संभालेंगे। सरकार का कहना है कि आने वाले दिनों में इस तरह की कार्रवाई और भी देखने को मिल सकती है, क्योंकि प्रशासन राज्य को अपराधमुक्त बनाने के लक्ष्य पर तेजी से काम कर रहा है।

## दर्दनाक हादसा : शार्ट सर्किट से घर में लगी आग, एक ही परिवार के पांच लोग जिंदा जले

मुजफ्फरनगर ,(आरएनएस)। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार की देर रात एक घर में आग लग जाने से एक ही परिवार के पांच लोगों की जलकर मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, यह घटना मोतीपुर के वार्ड नंबर 13 की है।

बताया जाता है कि ललन कुमार का पूरा परिवार शुक्रवार की रात खाना खाकर आराम से सोया था। देर रात उनके घर में आग लग गई। रात में आग लगने की घटना की सूचना पड़ोसियों को हुई तो उन्होंने घर से लोगों को निकालने का प्रयास किया, लेकिन वे पांच लोगों को नहीं बचा सके।

मोतीपुर के थाना प्रभारी संजीव कुमार सिंह ने बताया कि इस दुर्घटना में पांच लोगों की घटनास्थल पर मौत हो गई जबकि पांच अन्य लोग घायल बताए जा रहे हैं। मृतकों में ललन कुमार के अलावा उनकी पत्नी, मां और दो बच्चे शामिल हैं। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है।

हालांकि, प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। कहा जा रहा है कि परिवार के सभी सदस्य सो रहे होंगे और शॉर्ट सर्किट से घर में आग लग गई होगी, जिससे झुलसकर सभी की मौत हो गई। पुलिस ने सभी शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। उन्होंने बताया कि लोगों की मौत दम घुटने से भी हो सकती है।

पुलिस मामले की सभी कोणों से जांच कर रही है। स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया है। इस घटना में पांच अन्य लोग घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। उल्लेखनीय है कि ठंड में घर में आग लगने की घटनाओं में वृद्धि होती रही है।

## यूपी में अब 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को नहीं भरना पड़ेगा पेंशन फॉर्म, योगी सरकार का बड़ा फैसला



लखनऊ ,(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश सरकार ने शुक्रवार को हुई कैबिनेट बैठक में वृद्धावस्था पेंशन को लेकर एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब राज्य में 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को बिना किसी फॉर्म भरने की आवश्यकता के पेंशन मिल सकेगी। फिलहाल यह सुविधा 67.50 लाख बुजुर्गों को मिल रही है।

बैठक में बताया गया कि 'एक परिवार, एक पहचान' योजना के तहत हर परिवार के 60 वर्ष से अधिक आयु वाले सदस्यों का पूरा डाटा सरकार के पास उपलब्ध होगा। इसी आधार पर पात्र बुजुर्गों को स्वत: ही वृद्धावस्था पेंशन प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही कैबिनेट ने कई अन्य महत्वपूर्ण निर्णयों को भी मंजूरी दी।

समाज कल्याण मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि 'एक परिवार, एक पहचान' प्रणाली परिवार पहचान पत्र के माध्यम से लाभार्थियों की स्वचालित पहचान सुनिश्चित करेगी। लाभार्थी की सहमति प्राप्त होने के बाद पेंशन स्वीकृत की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह प्रणाली उन व्यक्तियों को डिजिटल रूप से ट्रैक करेगी जो 60 की आयु के करीब हैं और उन्हें एसएमएस, व्हाट्सऐप या फोन कॉल के माध्यम से सहमति प्रक्रिया शुरू करने की सूचना भेजी जाएगी। जहां डिजिटल सहमति नहीं मिल पाएगी, वहां अधिकारी या स्थानीय सहायक व्यक्तिगत रूप से संपर्क करेंगे।

मंत्री ने बताया कि सहमति मिलने के 15 दिनों के भीतर पेंशन स्वीकृति की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी और भुगतान सीधे आधार से जुड़े बैंक खाते में भेज दिया जाएगा। इसके अलावा, कैबिनेट ने किरायेदारी नियमों को सरल बनाने के लिए 10 साल तक के किराये के समझौतों पर स्टांप शुल्क और पंजीकरण शुल्क में रियायत देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। नए प्रावधानों के तहत एक वर्ष की अवधि के लिए 2 लाख रुपये तक के किराये के समझौतों पर स्टांप शुल्क घटाकर 500 रुपये कर दिया गया है।

## भारत की महिला पाकिस्तान में लापता, प्रकाश पर्व मनाने गई थी सरबजीत कौर

चंडीगढ़ ,(आरएनएस)। पंजाब के कपूरथला की सरबजीत कौर पाकिस्तान में लापता हो गई। वो गुरु नानक देव का प्रकाश पर्व (जन्मोत्सव) मनाने 4 नवंबर को जत्थे संग गई थी।आधिकारिक रिकॉर्ड के मुताबिक 4 नवंबर को 1 हजार 9 सौ 23 तीर्थयात्रियों के जत्थे संग अट्टारी बॉर्डर से वो पाकिस्तान गई थीं। अकाल तख्त साहेब के जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज्ज इसकी अगुवाई कर रहे थे।10 दिन पाकिस्तान के गुरुद्वारों में मत्था टेकने के बाद 1,922 तीर्थयात्री लौट आए, लेकिन सरबजीत उसमें नहीं थीं।उनकी गुमशुदगी के बाद दोनों देशों की खुफिया एजेंसियां ट्रेस करने में जुटी हैं।भारत सरकार के सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि पाकिस्तान स्थित भारतीय दूतावास पाकिस्तानी अधिकारियों के संपर्क में है।4 नवंबर को, सिख तीर्थयात्री श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व मनाने के लिए पाकिस्तान के ननकाना साहिब गए थे। हालांकि, पाकिस्तानी अधिकारियों ने कथित तौर पर दिल्ली और लखनऊ के 14 हिंदुओं को सिख जत्थे के साथ यात्रा करने से मना कर दिया था। पिछले महीने, केंद्र सरकार ने सिख तीर्थयात्रियों को पाकिस्तान स्थित ननकाना साहिब गुरुद्वारे की 10 दिवसीय यात्रा करने और जयंती मनाने की अनुमति दी थी। इससे पहले भारत सरकार ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए इजाजत नहीं दी थी।

# CM रेखा गुप्ता ने शालीमार बाग विधानसभा में विभिन्न विकास परियोजनाओं की शुरुआत की

### पांच साल से अधूरे आयुर्वेदिक अस्पताल को दो वर्षों में शुरु करने का मुख्यमंत्री ने दिया आश्वासन

नई दिल्ली,(आरएनएस)। दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने आज शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन किया और विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने 'अटल कैंटीन योजना' के निर्माण स्थल का भी निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार दिल्ली के प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित, सम्मानजनक और खुशहाल जीवन प्रदान करने के लिए पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने शालीमार बाग स्थित जे.जे. क्लस्टर में कई बुनियादी सुविधाओं को जनता को समर्पित किया। उन्होंने सीसी फुटपाथ और ड्रेनेज सिस्टम के सुधार कार्यों का उद्घाटन किया, जो लंबे समय से जलभराव और जर्जर गलियों की समस्या से जूझ रहा था।



इस परियोजना पर 63.12 लाख रुपये की लागत आई है। इसके साथ ही, उन्होंने 60 सीटर जन सुविधा केंद्र का उद्घाटन किया, जिसकी लागत 94.53 लाख रुपये है। मुख्यमंत्री ने वहा 14.76 लाख रुपये की लागत से नई पेयजल पाइपलाइनों का भी शुभारंभ किया गया।मुख्यमंत्री ने गोविंद मोहल्ला में नालियों, गलियों और सड़कों के विकास कार्यों की शुरुआत की, जिसकी अनुमानित लागत 51 लाख रुपये है। इसी के अंतर्गत उन्होंने अम्बेडकर नगर, गोविंद मोहल्ला तथा आसपास के क्षेत्रों सहित सैनी धर्मशाला, शालीमार गांव में नई जल पाइप लाइनों का उद्घाटन किया, जिन पर कुल 18.42 लाख रुपये खर्च किए गए हैं। इन जल-लाइन परियोजनाओं से हजारों स्थानीय निवासियों को लंबे समय से चली आ रही पानी की किल्लत से राहत मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शालीमार बाग ही नहीं, बल्कि पूरे दिल्ली में विकास कार्य युद्धस्तर पर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। वर्षों से ठप पड़े कार्य अब दोबारा गति पकड़ रहे हैं, और दिल्ली एक बार फिर अपने विकास पथ पर आगे बढ़ रही है।



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शनिवार,को जगदलपुर, बस्तर, छत्तीसगढ़ में बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर आदिवासी गौरव दिवस समारोह के दौरान माल्यार्पण करते हुए।

## गुलाबी ड्रेस में अवनीत कौर की तस्वीरें हुई वायरल



टीवी एक्ट्रेस अवनीत कौर आए दिन अपनी हॉट और बोल्ड फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटौरती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर अक्सर अपना दिल हार जाते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अवतार देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं।तस्वीरों में देखा जा सकता है कि उन्होंने गुलाबी ड्रेस में शानदार पोज दिए हैं। एक तस्वीर में वह पीछे से पोज देती नजर आ रही हैं, जो उन पर काफी जच रहा हैं। अवनीत की तस्वीरों को उनके फैंस लाइक कर रहें हैं और उस पर कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है ये ड्रेस आप पर अच्छी लग रही हैं। एक दूसरे यूजस ने लिखा है हर आउटफिट में आप कमाल लगती हो। एक्ट्रेस अवनीत कौर अपनी एक्टिंग से ज्यादा बोल्ड फैशन सेंस के लिए जानी जाती हैं। उनका कातिलाना अंदाज इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है।बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।अवनीत कौर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है। वो जब भी अपनी फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर करती हैं तो उनका हर एक स्टाइल लोगों के बीच ट्रेंड करता है।

## बैटल ऑफ गलवान के लिए कड़ी मेहनत कर रहे सलमान खान, नई तस्वीर वायरल

अभिनेता सलमान खान की पिछली फिल्म सिकंदर इसी साल ईद, 2025 के मौके पर रिलीज हुई थी। हालांकि यह दर्शकों की उम्मीदों पर कुछ खास नहीं उतरी। ऐसे में सलमान अपनी अगली फिल्म बैटल ऑफ गलवान पर पूरा ध्यान दे रहे हैं। अभिनेता इस फिल्म में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते, इसलिए वह कसरत पर पूरा ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने खुद इसकी झलक दिखाई है। सलमान की ताजा तस्वीर सोशल मीडिया पर आते ही वायरल हो गई है।सलमान ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर साझा की, जिसमें उन्हें स्टेज के पीछे पैरों की कसरत करते देखा जा सकता है। अभिनेता ने अपने एक पैर को ऊपर उठाया है और उनके भाई सोहेल खान उसे थामे हुए हैं।

# 'मस्ती 4' का धमाकेदार 'लव वीज़ा' प्रोमो आउट, कॉमेडी और केमिस्ट्री ने बढ़ाया क्रेज़




मस्ती 4 की रिलीज़ में अब सिर्फ एक हफ़्ता बचा है, और ऐसे में मेकर्स ने नया डायलॉग प्रोमो 'लव वीज़ा' पेश कर दिया है, जो आते ही जबरदस्त एंटरटेनमेंट वाइब्स दे रहा है! रिब-टिक्लिंग ट्रेलर और चार्टबस्टर गानों पकड़ पकड़ तथा रसिया बलमा के बाद इस नए डायलॉग प्रोमो ने फिल्म की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है, क्योंकि फिल्म 21 नवंबर 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है।

नए जारी किए गए इस प्रोमो में ओजी मस्ती बॉयज़, रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय, अरशद वारसी और नरगिस फाखरी नज़र आ रहे हैं, जो अपनी कमाल की केमिस्ट्री, जबरदस्त कॉमेडी और मासी एंटरटेनमेंट के साथ दर्शकों को आमंत्रित करते नज़र आ रहे हैं। इस प्रोमो में वे बड़े मज़ाकिया अंदाज़ में बता रहे हैं कि 'लव वीज़ा' आखिर है क्या? हालांकि उनके बीच होने वाले डायलॉग्स पूरी तरह से क्रेज़ी और मनोरंजक हैं।

फिल्म में इनके साथ प्रमुख अभिनेत्रियों के रूप में रूही सिंह, श्रेया शर्मा और एलनाज़ नौरोज़ी भी दिखाई देंगी, जबकि तुषार कपूर, शाद रंधावा और निशांत मलकानी भी अहम भूमिकाओं में नज़र आएंगे।

मिलाप मिलन ज़वेरी द्वारा लिखित और निर्देशित मस्ती 4 इस प्रिय कॉमेडी फ्रेंचाइज़ी को एक बड़े और धमाकेदार अंदाज़ में ला रही है। लव वीज़ा टैगलाइन के साथ यह फिल्म ज़वेरी के सिग्नेचर ह्यूमर, शानदार प्रोडक्शन डिज़ाइन, यूके के खूबसूरत विज़ुअल्स और ओजी तिकड़ी की शरारती केमिस्ट्री का बेहतरीन मिश्रण पेश करती है।

वेवबैंड प्रोडक्शन और ज़ी स्टूडियोज़ द्वारा प्रस्तुत, एवं मारुति इंटरनेशनल और बालाजी टेलीफिल्म्स के सहयोग से बनी इस फिल्म के निर्माता हैं, ए. झुनझुनवाला और शिखा करण आहुलवालिया, साथ ही इंद्र कुमार, अशोक ठकेरिया, शोभा कपूर, एकता कपूर और उमेश बंसल।

## किस किसको प्यार करूं 2 का पहला गाना फुर्र रिलीज, कपिल शर्मा-हनी सिंह ने लूटी महफिल

कॉमेडियन कपिल शर्मा जल्द ही फिल्म किस किस को प्यार करूं 2 में नजर आने वाले हैं। आज से निर्माताओं ने फिल्म का प्रचार पहले गाने फुर्र की रिलीज के साथ शुरू कर दिया है। फिल्म के पहले गाने फुर्र को यो यो हनी सिंह ने गाया है।




कपिल शर्मा 2015 में रिलीज हुई फिल्म किस किस को प्यार करूं के सीक्वल किस किस को प्यार करूं 2 के साथ बड़े पर्दे पर कमबैक करने जा रहे हैं। आज फिल्म का पहला गाना फुर्र रिलीज हो चुका है। जिसमें कपिल के साथ यो यो हनी सिंह का स्वैग नजर आया।

कपिल शर्मा ने भी अपनी आगामी फिल्म किस किस को प्यार करूं का पहला गाना फुर्र इंस्टाग्राम पर शेयर किया। इस वीडियो के साथ कपिल ने कैप्शन में लिखा, नाचने, झूमने और फुर्र होने के लिए तैयार हो जाइए। किस किसको प्यार करूं 2, 12 दिसंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। कपिल की इस पोस्ट पर रणबीर कपूर की बहन रिद्धिमा कपूर साहनी ने क्लैप इमोजी बनाए हैं। इस फिल्म की एक्ट्रेस त्रिधा चौधरी ने लिखा, चलो अब हुक स्टेप करो इंडिया। वहीं कपिल के फैंस उनके इस वीडियो पर फायर और दिल वाले इमोजी बना रहे हैं।

फिल्म किस किसको प्यार करूं 25 सितंबर 2015 को रिलीज हुई थी। अब इसी फिल्म का सीक्वल किस किसको प्यार करूं 2, 12 दिसंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रहा है।

## इक्कीस की रिलीज तारीख का ऐलान, 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में छाने को तैयार हैं अगस्त्य नंदा




अगस्त्य नंदा की फिल्म इक्कीस अब ऑफिशियली रिलीज के लिए तैयार है और इसकी डेट का ऐलान होते ही सोशल मीडिया पर खूब चर्चा शुरू हो गई है. अमिताभ बच्चन और जया बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा की ये फिल्म उनके करियर के लिए बेहद खास मानी जा रही है क्योंकि इसमें वो फौजी के रोल में नजर आने वाले हैं. हालांकि फिल्म की रिलीज डेट आलिया भट्ट की फिल्म अल्फा से टकराने वाली है. दिसंबर के आखिरी हफ्ते में बॉक्स ऑफिस पर आलिया भट्ट और अगस्त्य नंदा के बीच जबरदस्त क्लैश देखने को मिलेगा.

मैडॉक फिल्म्स ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्टर शेयर करते हुए बताया है कि इक्कीस 25 दिसंबर 2025 को रिलीज होगी. यह फिल्म भारत के सबसे कम उम्र के परमवीर चक्र विजेता सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल की सच्ची कहानी पर आधारित है. फिल्म का ट्रेलर देखने के बाद फैंस अगस्त्य की जमकर तारीफ कर रहे है. नेशनल अवॉर्ड विनिंग डायरेक्टर श्रीराम राघवन की फिल्मों में हमेशा थ्रिल और इमोशन का बेहतरीन मेल देखने को मिलता है, इसलिए इक्कीस से भी दर्शकों की उम्मीदें काफी ज्यादा हैं.

इक्कीस में अगस्त्य नंदा के साथ दिग्गज एक्टर धर्मेंद्र, जयदीप अहलावत और सिकंदर खेर भी नजर आने वाले हैं. अगस्त्य का किरदार अरुण खेत्रपाल का है, जिन्होंने 1971 के भारत-पाक युद्ध में देश के लिए अपनी जान न्यौछावर कर दी थी. यह फिल्म न सिर्फ एक सैनिक की बहादुरी दिखाती है, बल्कि देशभक्ति और बलिदान की भावना को भी दर्शाती है. दूसरी ओर आलिया भट्ट की अल्फा में शरवरी वाघ और बॉबी देओल जैसे कलाकार शामिल है,

## बॉक्स ऑफिस पर 'हक' के कलेक्शन में गिरावट, सोनाक्षी की फिल्म लाखों में सिमटी




यामी गौतम की फिल्म 'हक' और रश्मिका मंदाना 'द गर्लफ्रेंड' ही अब तक करोड़ों में कलेक्शन कर रही है। बाकी फिल्मों की कमाई काफी कम हो चुकी है। पढ़िए बॉक्स रिपोर्ट में किन फिल्मों में कितना कलेक्शन कर लिया है। साथ ही कलेक्शन की दौड़ में कौन आगे चल रहा है।

सैकनिल्क के अनुसार यामी गौतम की फिल्म 'हक' ने 7वें दिन 1.10 करोड़ का कलेक्शन किया। फिल्म का कुल कलेक्शन भी अब तक 14 करोड़ रुपये है। फिल्म ने अब तक अपना आधा बजट वसूल कर लिया है। 'हक' में महिला अधिकारों की बात को उठाया गया है। यह फिल्म यामी गौतम के अलावा इमरान हाशमी भी नजर आए हैं।

सोनाक्षी सिन्हा ने बड़ी उम्मीद से साउथ फिल्म 'जटाधरा' की थी, जिससे उनके करियर को फायदा हो सके। लेकिन यह फिल्म भी बॉक्स ऑफिस पर नहीं चल सकी है। 7वें दिन में आकर ही 'जटाधरा' का कलेक्शन लाखों में रह गया है। फिल्म ने 7वें दिन सिर्फ 40 लाख रुपये ही कमाए हैं। फिल्म का कुल कलेक्शन सिर्फ 5.54 करोड़ रुपये है।

कलेक्शन के मामले में रश्मिका मंदाना की फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' ही फिल्म 'हक' की बराबरी कर सकती है। 'द गर्लफ्रेंड' ने 7वें दिन 1.10 करोड़ रुपये कमाए हैं। फिल्म का कुल कलेक्शन अब तक 11.25 करोड़ रुपये हो चुका है।

हॉलीवुड फिल्म 'प्रेडेटर बैडलैंड्स' को थिएटर में 7 दिन हो चुके हैं, इसका कलेक्शन भी गुरुवार को 68 लाख रुपये रहा है। वहीं बॉलीवुड फिल्म 'द ताज स्टोरी' ने भी 14वें दिन में आकर 42 लाख रुपये कमाए हैं। परेश रावल की इस फिल्म का कुल कलेक्शन भी 17.67 करोड़ रुपये रहा है। वहीं 24 दिनों से सिनेमाघरों में 'थामा' और 'एक दीवाने की दीवानियत' मौजूद हैं। इन फिल्मों का कलेक्शन भी अब बहुत कम हो चुका है।

## अनन्या पांडे की वेब सीरीज कॉल मी बे 2 पर आया अपडेट, 2026 में होगी रिलीज

**अभिनेत्री अनन्या पांडे की लोकप्रिय वेब सीरीज कॉल मी बे को दर्शकों का खूब प्यार मिला था। लोग इसके दूसरे सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। आखिरकार, निर्माताओं ने कॉल मी बे 2 पर अपडेट साझा कर दिया है। अगले महीने नवंबर से, इस वेब सीरीज की शूटिंग शुरू हो सकती है।**



कॉलिन डीकुन्हा एक बार फिर इसके निर्देशन की कमान संभालेंगे। आइए जानते हैं कि कॉल मी बे 2 कब तक रिलीज होगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, अनन्या की सीरीज कॉल मी बे 2 अपने चमकदार फैशन और दुनिया के आकर्षण को बरकरार रखेगी। इस बार महिला सशक्तिकरण और दोस्ती के विषय पर गहराई से चर्चा की जाएगी। पिछले सीजन 1 के खत्म होने के तुरंत बाद, निर्माताओं ने दूसरे सीजन पर काम शुरू कर दिया था। कुछ हफ्तों के अंदर इस पर काम शुरू किया जाएगा। इससे संकेत मिलता है कि कॉल मी बे 2 2026 में रिलीज होगी।

कॉल मी बे 2 पर बात करते हुए एक सूत्र ने कहा, पहले भाग में एक मीटू ट्रैक था। आगामी संस्करण भी शो में, हल्के-फुल्के लहजे में एक सशक्त संदेश लेकर आएगा।

सूत्र ने यह भी बताया है कि सीजन 2 में पुराने चेहरों की वापसी होगी। कुछ नए किरदारों को दिखाया जाएगा। बता दें कि अनन्या की वेब सीरीज का पहला सीजन अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज किया गया था। दूसरे सीजन पर आधिकारिक बयान आना बाकी है।

# सर्दियों में रूखी त्वचा के लिए बनाएं ये 5 प्राकृतिक क्रीम, आसान है तरीका



सर्दियों में ठंड और हवा के कारण त्वचा रूखी और बेजान हो जाती है। इससे बचने के लिए रोजाना अपनी त्वचा को मॉइस्चराइज करना जरूरी है। बाजार में कई तरह की क्रीम मौजूद हैं, लेकिन उनमें रासायनिक तत्व होते हैं, जो त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं। आइए आज हम आपको कुछ ऐसी प्राकृतिक क्रीम के बारे में बताते हैं, जिन्हें घर पर बनाना आसान है और ये त्वचा के लिए फायदेमंद हैं।

### शिया बटर क्रीम

शिया बटर क्रीम त्वचा को गहराई से पोषण देती है और इसे मुलायम बनाती है। इसे बनाने के लिए शिया बटर और नारियल के तेल को मिलाएं। पहले शिया बटर को पिघलाएं, फिर उसमें नारियल का तेल डालें और अच्छे से मिलाएं। इस मिश्रण को ठंडा होने दें और जब यह ठंडा हो जाए तो इसे किसी साफ डिब्बे में भरकर इस्तेमाल करें। यह क्रीम आपकी त्वचा को पूरे दिन नमी प्रदान करेगी और इसे स्वस्थ बनाए रखेगी।

### गुलाब जल और एलोवेरा जेल की क्रीम

गुलाब जल और एलोवेरा जेल की क्रीम ताजगी भरी महसूस कराती है और त्वचा को ठंडक पहुंचाती है। इसे बनाने के लिए गुलाब जल, एलोवेरा जेल और थोड़ा सा ग्लिसरीन मिलाएं। इस मिश्रण को अच्छे से फेंटें ताकि यह एकसमान हो जाए। अब इस मिश्रण को एक साफ डिब्बे में भरकर इस्तेमाल करें। यह क्रीम आपकी त्वचा को ताजगी भरी और मुलायम बनाए रखेगी, जिससे आपको पूरे दिन आरामदायक महसूस होगा।

### शहद और जैतून के तेल की क्रीम

शहद और जैतून के तेल की क्रीम एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होती है, जो त्वचा को नुकसानदायक तत्वों से बचाते हैं। इसे बनाने के लिए शहद, जैतून का तेल और थोड़ा सा विटामिन-ई ऑयल मिलाएं। इस मिश्रण को अच्छे से फेंटें ताकि यह एकसमान हो जाए। अब इस मिश्रण को एक साफ डिब्बे में भरकर इस्तेमाल करें। यह क्रीम आपकी त्वचा को नमी प्रदान करेगी और इसे स्वस्थ बनाए रखेगी।

### नारियल तेल और बादाम के तेल की क्रीम

नारियल तेल और बादाम के तेल की क्रीम गहरी नमी प्रदान करती है और त्वचा को मुलायम बनाती है। इसे बनाने के लिए नारियल तेल, बादाम का तेल और थोड़ा सा विटामिन-श्व ऑयल मिलाएं। इस मिश्रण को अच्छे से फेंटें ताकि यह एकसमान हो जाए। अब इस मिश्रण को एक साफ डिब्बे में भरकर इस्तेमाल करें।

### दूध और हल्दी की क्रीम

दूध और हल्दी की क्रीम झुर्रियों से बचाने में मदद करती है। इसे बनाने के लिए दूध, हल्दी पाउडर और थोड़ा सा गुलाब जल मिलाएं। इस मिश्रण को अच्छे से फेंटें ताकि यह एकसमान हो जाए। अब इस मिश्रण को एक साफ डिब्बे में भरकर इस्तेमाल करें। इन सभी प्राकृतिक क्रीमों को बनाना आसान है और ये आपकी त्वचा को स्वस्थ रखने में मदद करेंगी।

# कीटो डाइट का पालन कर रहे हैं? इन फलों को अपनी डाइट में करें शामिल

कीटो डाइट में कार्बोहाइड्रेट की मात्रा कम रखी जाती है और इसमें प्रोटीन और वसा की मात्रा अधिक होती है। ऐसे में अगर आप कीटो डाइट फॉलो कर रहे हैं तो आपको अपने खान-पान में कुछ चीजों का विशेष ध्यान रखना चाहिए, खासकर फलों का क्योंकि इनमें कार्बोहाइड्रेट अधिक होती है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे फलों के बारे में बताते हैं, जिनका सेवन कीटो डाइट में बिना कार्बोहाइड्रेट की चिंता किए किया जा सकता है।

### स्ट्रॉबेरी

स्ट्रॉबेरी में फाइबर, एंटी-ऑक्सीडेंट्स, कई जरूरी विटामिन्स और मिनरल्स होते हैं। यह एक कम कार्ब वाला फल है, जो कीटो डाइट फॉलो करने वालों के लिए एक बेहतरीन विकल्प है। इसमें मौजूद फाइबर पाचन क्रिया को सही रखने में मदद कर सकता है। इसके अलावा यह फल दिल को स्वस्थ रखने, रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने और त्वचा को चमकदार बनाने में भी मदद कर सकता है। इसके कई अन्य फायदे भी हैं।

### ब्लैकबेरी

ब्लैकबेरी एक ऐसा फल है जिसमें शुगर का स्तर कम होता है, जो कीटो डाइट में शामिल करने के लिए उपयुक्त है। इसमें एंथोसायनिन्स नामक एंटी-ऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो इसे एक शक्तिशाली सूजन कम करने वाला फल बनाते हैं। इसके अलावा यह फल शरीर से हानिकारक तत्वों को निकालने और तनाव को कम करने में मदद कर सकते हैं। इसके कई अन्य फायदे भी हैं।

### रसभरी

रसभरी एक कम कार्ब वाला फल है और इसमें कई पोषक तत्व होते हैं, जो सेहत के लिए फायदेमंद हो सकते हैं। रसभरी में एंथोसायनिन नामक एक खास तत्व होता है, जो दिल को स्वस्थ रखने, रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने और त्वचा को चमकदार बनाने में मदद कर सकता है। यह फल पोटैशियम का भी अच्छा स्रोत है, जो ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने में सहायक साबित हो सकता है।



### आलूबुखारा

आलूबुखारा भी एक कम कार्ब वाला फल है, जिसका सेवन आप कीटो डाइट में कर सकते हैं। इसमें फाइबर, एंटी-ऑक्सीडेंट्स, कई विटामिन और मिनरल्स होते हैं, जो दिल को स्वस्थ रखने, रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने और त्वचा को चमकदार बनाने में मदद कर सकते हैं। इसके अलावा आलूबुखारा का सेवन पाचन क्रिया को सही रखने में भी मदद कर सकता है। इसके कई अन्य फायदे भी हैं।

# टैरिफ को लेकर ट्रंप ने लिया यू-टर्न, अमेरिका ने कॉफी और फलों से हटाया शुल्क

न्यूयॉर्क ,(आरएनएस)। टैरिफ बम फोड़कर दुनियाभर में बवाल मचाने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अब यू-टर्न ले लिया है। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति ने खाद्य आयात पर शुल्क में कटौती की है। आइए जानते हैं कि इससे भारत पर क्या असर होगा।

ट्रंप का यह फैसला महंगाई को नियंत्रित करने और आम जनता को राहत देने के उद्देश्य से लिया गया है। वहीं इससे भारत को भी फायदा होने वाला है। व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को घोषणा की कि उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों के फल और जूस, चाय और मसाले उन आयातों में शामिल हैं जिन पर पारस्परिक शुल्क नहीं लगेगा।

व्हाइट हाउस फैक्टशीट में कॉफी और चाय, कोको, संतरे, टमाटर और बीफ का भी जिक्र किया गया। बता दें, ट्रंप ने भारत से आयात पर 25 प्रतिशत पारस्परिक शुल्क लगाया। इसके अलावा रूस से तेल खरीदने पर 25 प्रतिशत का दंडात्मक शुल्क भी जोड़ दिया है।

ट्रंप ने महंगाई को नियंत्रित करने के लिए पहले जेनेरिक दवाओं से टैरिफ हटा दिया था। ट्रंप के इस फैसले से भारत को काफी लाभ पहुंचा। भारत अमेरिका में निर्धारित 47 प्रतिशत जेनेरिक दवाओं की आपूर्ति करता है। वहीं, खाद्य उत्पादों की कीमतों में कुछ वृद्धि हाई टैरिफ की वजह से



हुई, जिसकी वजह से इसका सीधा असर आयातकों और खुदरा विक्रेताओं के जरिए आम जनता की जेब पर देखने को मिला।

न्यूयॉर्क, न्यू जर्सी और वर्जीनिया के हालिया चुनावों में डेमोक्रेट्स पार्टी ने अपने अभियान के दौरान महंगाई को मुद्दा बनाया। डेमोक्रेट्स ने महंगाई कम करने पर अपना फोकस रखा। इससे मतदाताओं की जेब पर कुल मिलाकर ज्यादा खर्च का दबाव पड़ा, जिससे उनकी जीत में मदद मिली। वहीं दूसरी ओर ट्रंप अंतरराष्ट्रीय मामलों, टैरिफ और निवेश में व्यस्त रहे और आम जनता के लिए जो महंगाई का मुद्दा था, उसपर उनका फोकस नहीं रहा। अमेरिका में महंगाई में कमी इस समय में राजनीतिक मुद्दा बना हुआ है, ऐसे में भारत को आम, अनार और चाय के निर्यात को लेकर फायदा हो सकता है।

अमेरिकी मीडिया के अनुसार हाल के चुनावों में महंगाई ही वहां की जनता के लिए अहम मुद्दा रहा। सितंबर के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आंकड़ों के अनुसार, भुनी हुई कॉफी की कीमतों में 18.9 प्रतिशत और बीफ और वील की कीमतों में 14.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

भारत से आयातित मसालों और खाद्य पदार्थों की कीमतों में भारतीय किराना दुकानों में लगभग 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

## दर्दनाक हादसा : यात्री बस और ट्रक के बीच भीषण टक्कर, सात लोगों की मौत; 15 घायल

मास्को (आरएनएस)। रूस के पर्म क्षेत्र में एक छोटी यात्री बस और ट्रक में टक्कर होने की वजह से सात लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। एजेंसी ने शुक्रवार को क्षेत्रीय आपातकालीन सेवाओं के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार यह दुर्घटना आर-243 कोस्त्रोमा-शार्या-किरोव-पर्म सड़क के 55 किलोमीटर दूर पर हुई। घायलों को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया।

क्षेत्रीय जाँच समिति के अनुसार, प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि मिनी बस विपरित दिशा में चली गयी और ट्रक से टकरा गयी। समिति ने बताया कि मृतकों में एक नाबालिग भी शामिल है। इस सिलसिले में मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

## सुरक्षित वापस लौटे चीनी शनचो-20 अंतरिक्ष यान के तीन सदस्य

बीजिंग(आरएनएस)। पेइचिंग समयानुसार 14 नवंबर को 16 बजकर 40 मिनट पर शनचो-21 समानव अंतरिक्ष यान के वापसी मॉड्यूल ने सफलतापूर्वक लैंडिंग की, जिस पर सवार शनचो-20 अंतरिक्ष यान के तीन सदस्य चन तुंग, चन चोंगच्ये और वांगच्ये सुरक्षित रूप से वापस लौटे। 14 बजकर 49 मिनट पर पेइचिंग अंतरिक्ष उड्डयन नियंत्रण केंद्र ने वापसी का निर्देश दिया। शनचो-20 समानव अंतरिक्ष यान का वापसी मॉड्यूल सुचारू रूप से अंतरिक्ष मॉड्यूल से अलग हुआ। इसके बाद वापसी मॉड्यूल का इंजन प्रज्वलित किया गया और अंत में सफलतापूर्वक लैंडिंग की गई। डॉक्टरों ने स्थल पर पुष्टि की कि तीनों अंतरिक्ष यात्रियों की शारीरिक स्थिति अच्छी है। शनचो-20 अंतरिक्ष यान के क्रू के तीन सदस्य स्पेस स्टेशन में 204 दिन तक ठहरे, जो चीनी अंतरिक्ष यात्रियों का एक नया रिकॉर्ड है। इस दौरान उन्होंने चार बार स्पेसवॉक किया और कई वैज्ञानिक परीक्षाएं पूरी कीं।

## कब फाइनल होगी भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील, ट्रंप के अधिकारी ने बताई डेडलाइन

न्यूयॉर्क (आरएनएस)। भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील पर वार्ता आगे बढ़ रही है। अमेरिका के एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने संकेत दिया है कि दोनों देशों के बीच हालिया चर्चाएँ सकारात्मक रहीं हैं और व्यापार समझौते को लेकर प्रगति हो रही है।

अधिकारी ने पत्रकारों से बातचीत में पुष्टि की कि वाशिंगटन नई दिल्ली के साथ एक पारस्परिक व्यापार समझौते पर काम कर रहा है। साथ ही भारत की ओर से रूसी तेल की खरीद को लेकर उठाई गई चिंताओं के समाधान पर भी चर्चा चल रही है। उन्होंने कहा कि हाल के दौर में दोनों पक्षों के बीच कई मुद्दों पर सकारात्मक प्रगति दर्ज की गई है।

अधिकारी के अनुसार, वार्ता इस साल के अंत तक ठोस नतीजे दे सकती है। उन्होंने बताया कि अमेरिका भारत के साथ दो मुद्दों पर समानांतर रूप से काम कर रहा है—पहला, टैरिफ और बाजार तक पहुंच से जुड़े पारस्परिक व्यापार समझौते पर, और दूसरा, रूसी तेल आयात को लेकर बाजार में आ रहे सुधारों पर।

उन्होंने कहा कि स्थिति पहले की तुलना में बेहतर है, लेकिन अभी भी कई पहलुओं पर काम जारी है। अमेरिका और भारत के बीच व्यापार वर्ष 2024 में लगभग 190 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया है। दोनों देशों ने द्विपक्षीय वाणिज्य को और बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई है।

## AI से खबर लिखवाना पड़ा महंगा, पाकिस्तानी अखबार 'डॉन' की जमकर हो रही किरकिरी

इस्लामाबाद (आरएनएस)। पाकिस्तान के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित अखबारों में से एक 'डॉन' (Dawn) इन दिनों आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस्तेमाल को लेकर सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल हो रहा है। अखबार ने एक




ऐसी बड़ी गलती कर दी, जिसने उसके पेशेवर रवैये पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। 'डॉन' ने अपने कारोबार पेज पर छपी एक खबर में ChatGPT को दिए गए प्रॉम्प्ट (निर्देश) को ही जस का तस छाप दिया।यह घटना 12 नवंबर को प्रकाशित हुए अखबार के बिजनेस पेज की है। अखबार ने 'अक्टूबर में ऑटो सेल्स में इजाफा' शीर्षक से एक लेख प्रकाशित किया था। यह लेख स्पष्ट रूप से ChatGPT जैसे AI टूल से तैयार कराया गया था, लेकिन लापरवाही के चलते अखबार के कर्मचारियों ने लेख के साथ AI द्वारा दिए गए सुझावों को भी छाप दिया। अखबार की जो कटिंग वायरल हो रही है, उसमें लेख के अंत में AI का प्रॉम्प्ट साफ दिखाई दे रहा है। इसमें लिखा था, यदि आप कहें तो मैं आपके लिए फ्रंट पेज स्टाइल में भी आर्टिकल तैयार कर सकता हूं। कुछ आंकड़े दे सकता हूं और पूरा लेआउट इन्फोग्राफ की तरह तैयार कर सकता हूं। इससे पाठक ज्यादा प्रभावित होंगे। क्या आप चाहते हैं कि मैं ऐसे भी कुछ बदलाव कर दूं?

## सऊदी क्राउन प्रिंस का अमेरिका दौराः एफ-35 जेट डील पर हस्ताक्षर की संभावना

वॉशिंगटन(आरएनएस)। सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान जल्द ही अमेरिका की यात्रा पर पहुंचने वाले हैं। इस दौरान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ उनकी मुलाकात में एफ-35 फाइटर जेट्स की बिक्री से जुड़ी एक बड़ी डील पर हस्ताक्षर हो सकते हैं। हालांकि, इस सौदे से पहले ही अमेरिकी रक्षा मंत्रालय (पेंटागन) गहरी चिंता में डूबा हुआ है। पेंटागन की खुफिया एजेंसी की एक गोपनीय रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि यदि यह डील पूरी हुई, तो चीन इन उन्नत लड़ाकू विमानों की संवेदनशील तकनीक तक पहुंच प्राप्त कर सकता है। यह आशंका उन विशेषज्ञ अधिकारियों द्वारा जताई गई है, जिन्होंने डील का गहन विश्लेषण किया है। रिपोर्ट के अनुसार, सऊदी अरब और चीन के बीच बढ़ते सुरक्षा संबंध भविष्य में तकनीकी लीक का गंभीर खतरा पैदा कर सकते हैं।रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि सबसे बड़ा जोखिम



चीन से है।

अमेरिकी अधिकारी आशंकित हैं कि सऊदी अरब और चीन के बीच बढ़ता रक्षा सहयोग एफ-35 की अत्याधुनिक तकनीक—जैसे स्टेल्थ फीचर्स, सेंसर और एवियोनिक्स—को लीक होने का रास्ता खोल सकता है। चीन पहले से ही समान तकनीक विकसित करने में लगा हुआ है, और किसी भी तरह की पहुंच उसे अमेरिकी वायुसेना की श्रेष्ठता को चुनौती देने में मदद कर सकती है।

यह चिंता केवल अनुमान नहीं, बल्कि ठोस अध्ययनों पर आधारित है। सऊदी अरब अमेरिका से हथियारों का सबसे बड़ा आयातक है, लेकिन उसके चीन के साथ बढ़ते संबंध—जैसे संयुक्त सैन्य अभ्यास और निवेश—अमेरिका को सतर्क कर रहे हैं। सऊदी अरब अमेरिका से सिविल न्यूक्लियर प्रोग्राम की मंजूरी भी मांग रहा है, जिस पर चिंता है कि यह परमाणु हथियार विकसित करने की दिशा में कदम हो सकता है। ट्रंप और पूर्व राष्ट्रपति बाइडन दोनों प्रशासन सऊदी को इजरायल के साथ संबंध सामान्य करने के लिए प्रयासरत रहे हैं, लेकिन गाजा संघर्ष और क्षेत्रीय नीतियों के कारण यह प्रक्रिया रुकी हुई है। सफलता की संभावना कम है, जो डील को और जटिल बनाती है। साल 2020 में ट्रंप प्रशासन ने अब्राहम समझौते के तहत संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को एफ-35 बेचने की सहमति दी थी।

# खेल समाचार

# कोलकाता टेस्ट में भारत की पकड़ मजबूत, दक्षिण अफ्रीका संकट में

### - तीसरे दिन जीत दर्ज कर सकता है भारत दक्षिण अफ्रीका पहली पारी 159, दूसरी पारी 93/7 : भारत पहली पारी 189




कोलकाता (ए)। कोलकाता के ईडन गार्डन में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में भारतीय टीम जीत की ओर तेजी से बढ़ रही है। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दक्षिण अफ्रीका ने अपनी दूसरी पारी में 93 रन पर सात विकेट खो दिए थे। पहली पारी में भारत से 30 रन पीछे रहने के चलते उसकी कुल बढ़त अभी सिर्फ 63 रन की हैं। स्टंप्स के समय कप्तान तेम्बा बावुमा 29 रन और कोर्बिन बॉश एक रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। भारत के लिए रविंद्र जडेजा ने घातक गेंदबाजी करते हुए चार विकेट झटके, जबकि कुलदीप यादव ने दो और अक्षर पटेल ने एक सफलता हासिल की। मेहमान टीम की बल्लेबाजी भारतीय स्पिनरों के सामने बेबस नजर आई और लगातार विकेट गिरने से उनकी स्थिति और कमजोर होती चली गई। इससे पहले भारत की पहली पारी 189 रन पर सिमट गई। भारतीय टीम व्यावहारिक रूप से नौ विकेट पर ही रुक गई क्योंकि कप्तान शुभमन गिल गर्दन में ऐंठन के चलते रिटायर हर्ट हो गए और दोबारा बल्लेबाजी के लिए मैदान पर नहीं लौट सके। उनकी जगह विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने टीम की कमान संभाली। भारत की पारी में सबसे बड़ा बाधक दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर बने, जिन्होंने अपनी क्लासिकल ऑफ स्पिन गेंदबाजी का शानदार प्रदर्शन करते हुए 30 रन देकर चार महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए। हार्मर की टर्न लेती गेंदों ने भारतीय बाएं हाथ के बल्लेबाजों को लगातार परेशान किया और उन्होंने वाशिंगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल को क्रमशः 29, 27 और 16 रन पर पवेलियन भेजा। तेज गेंदबाज मार्को यानसन ने भी 35 रन देकर तीन विकेट हासिल किए और हार्मर का बखूबी साथ निभाया।दिन की शुरुआत भारत ने एक विकेट पर 37 रन से की थी। केएल राहुल और वाशिंगटन सुंदर ने संयम से बल्लेबाजी करते हुए दूसरे विकेट के लिए 57 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। दोनों ने दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों का मजबूती से सामना किया, लेकिन ड्रिंक्स ब्रेक के बाद मैच का रूख अचानक बदल गया। हार्मर ने वाशिंगटन को स्लिप में एडेन मार्करम के हाथों कैच कराकर भारत को बड़ा झटका दिया।

इसके बाद जडेजा और अक्षर ने 45-45 गेंदें खेलकर संघर्ष तो किया, लेकिन टीम के स्कोर में बड़ा अंतर नहीं ला सके। ध्रुव जुरेल ने आक्रामक अंदाज में शुरुआत करने की कोशिश की, लेकिन हार्मर को रिटर्न कैच थमा बैठे।

दूसरी पारी में भारतीय गेंदबाजों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया और दक्षिण अफ्रीका को शुरू से ही दबाव में रखा।

## कप्तान शुभमन गिल की चोट ने बढ़ाई भारत की चिंता, BCCI ने दी बड़ी अपडेट

कोलकाता (ए)। भारतीय कप्तान शुभमन गिल को साउथ अफ्रीका के खिलाफ ईडन गार्डन्स में जारी पहले टेस्ट मैच के दौरान गर्दन में ऐंठन महसूस हुई, जिसके बाद उन्हें बल्लेबाजी छोड़कर वापस लौटना पड़ा। फिलहाल गिल भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड



(बीसीसीआई) की मेडिकल टीम की निगरानी में हैं। मैच में कप्तान के खेलने पर फैसला आगे की जांच के आधार पर लिया जाएगा।

शुभमन गिल भारत की पहली पारी में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे थे। तीसरी गेंद पर उन्होंने चौका लगाया, लेकिन इस बीच उन्हें गर्दन में तकलीफ महसूस हुई। आखिरकार, गिल को रिटायर्ड हर्ट होकर वापस लौटना पड़ा। शुभमन गिल को दूसरे दिन का खेल शुरू होने से पहले ही गर्दन में परेशानी महसूस हो रही थी।भारत ने 189 के स्कोर पर अपना नौवां विकेट गंवा दिया था, लेकिन गिल दोबारा बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरे।

बीसीसीआई ने शनिवार को एक आधिकारिक अपडेट में कहा, शुभमन गिल की गर्दन में ऐंठन है। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी निगरानी कर रही है। शनिवार को गिल के खेलने पर फैसला उनकी रिकवरी के आधार पर लिया जाएगा। इससे पहले, अक्टूबर 2024 में बेंगलुरु में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट मैच से पहले गिल को गर्दन में अकड़न की समस्या हुई थी, जिसके कारण उन्हें अंततः मैच से बाहर होना पड़ा था।मुकाबले में टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी साउथ अफ्रीकी टीम ने पहली पारी में महज 159 रन बनाए।

## भारत बनाम दक्षिण अफ्रीकाः रविंद्र जडेजा ने टेस्ट क्रिकेट में पूरे किए 4,000 रन, जानिए आंकड़े



नईदिल्ली,(आरएनएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने अपने शानदार करियर में एक और उपलब्धि जोड़ ली है। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ कोलकाता में पहले टेस्ट की दूसरी पारी में 10 रन बनाते ही उन्होंने 4,000 टेस्ट रन पूरे कर लिए। जडेजा 4,000 रन और 300 विकेट का डबल पूरा करने वाले दुनिया के सिर्फ चौथे ऑलराउंडर बने हैं। टेस्ट क्रिकेट में ये खिलाड़ी कमाल के फॉर्म में है।जडेजा ने भारत के लिए 88 टेस्ट में 38 से अधिक की औसत से 4,000 से ज्यादा रन बनाए हैं, जिसमें 6 शतक और 27 अर्धशतक शामिल हैं। गेंदबाजी में उन्होंने 25.25 की औसत से 331 विकेट लिए हैं। उन्होंने 15 बार 5 विकेट हॉल अपने नाम किए हैं। जडेजा के अलावा इयान बॉथम (5,200 रन और 383 विकेट), कपिल देव (5,248 रन और 434 विकेट) और डेनियल विटोरी (4,531 रन और 362 विकेट) ने ये कारनामा किया था। जडेजा ने भारत में अब तक 52 मैच खेले हैं, जिसमें 20.91 की औसत के साथ कुल 246 विकेट लिए हैं। वह 4 विकेट लेते ही भारत में 250 टेस्ट विकेट पूरे करने वाले सिर्फ चौथे गेंदबाज बन जाएंगे। इस मामले में जडेजा पूर्व दिग्गज रविचंद्रन अश्विन, अनिल कुंबले और हरभजन सिंह की सूची में शामिल होंगे। बता दें कि अश्विन ने भारत में सर्वाधिक 383 विकेट लिए हैं। वहीं, कुंबले ने 350 और हरभजन ने 265 विकेट लिए थे।

## ऋषभ पंत ने रचा इतिहास, टेस्ट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बने

नईदिल्ली, (आरएनएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने इतिहास रच दिया है। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ कोलकाता टेस्ट मैच में उन्होंने पहला छक्का लगाते ही बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। वह अब भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। इस खिलाड़ी ने पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग का रिकॉर्ड् तोड़ा है। सहवाग ने अपने टेस्ट करियर में 90 छक्के लगाए थे।

सहवाग ने 103 टेस्ट की 178 पारियों में 90 छक्के लगाए थे। पंत ने सिर्फ 48 टेस्ट की 83 पारियों में उनका रिकॉर्ड तोड़ दिया। इस सूची में तीसरे स्थान पर टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके रोहित शर्मा हैं। उन्होंने भारत के लिए 67 टेस्ट मैच खेले थे। इसकी 116 पारियों में उन्होंने 88 छक्के लगाए थे। रविंद्र जडेजा 80 छक्कों के साथ इस सूची में चौथे स्थान पर बने हुए हैं।

पंत भारत की पहली पारी में 24 गेंदों में 27 रन बनाकर आउट हुए। उनके बल्ले से 2 चौके और 2 छक्के निकले। उनकी स्ट्राइक रेट 112.50 की रही। इस खिलाड़ी ने अब तक 48 टेस्ट मैच खेले हैं और इसकी 83 पारियों में 44.84 की औसत से 3,453 रन बनाने में सफल रहे हैं। उनके बल्ले से 8 शतक और 18 अर्धशतक निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 159* रन रहा है।

## भारत बनाम दक्षिण अफ्रीकाः केएल राहुल ने टेस्ट क्रिकेट में पूरे किए 4,000 रन, जानिए आंकड़े

नईदिल्ली (ए)। भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज केएल राहुल ने दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन बड़ी उपलब्धि हासिल की। उन्होंने अपने टेस्ट करियर में 4,000 रन पूरे कर लिए हैं। अपनी पारी का 15वां रन बनाते ही राहुल ने ये उपलब्धि हासिल की। 33 साल के राहुल क्रिकेट के सबसे बड़े प्रारूप में भारतीय टीम के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाजों में से एक माने जाते हैं। ऐसे में आइए उनके आंकड़ों पर नजर डालते हैं।राहुल ने अपने 66वें टेस्ट में 4,000 रन पूरे किए हैं। साल 2014 में टेस्ट डेब्यू करने वाले इस स्टार खिलाड़ी ने खुद को एक बहुमुखी बल्लेबाज के रूप में विकसित किया है। टेस्ट क्रिकेट में उन्होंने लगभग 36 की औसत से बल्लेबाजी की है। इस दौरान उन्होंने 11 शतक और 20 अर्धशतक जड़े हैं। उनके 3,500 से अधिक रन सलामी बल्लेबाज के रूप में आए हैं, जो उनकी निरंतरता और कौशल को दर्शाते हैं।

## एशेज सीरीजः ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम को लगा बड़ा झटका, पहले टेस्ट से बाहर हुए जोश हेजलवुड

नईदिल्ली, (ए)। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बीच एशेज सीरीज का पहले टेस्ट पर्थ में खेला जाना है। इससे पहले कंगारू टीम को बड़ा झटका लगा है। तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड हैमस्ट्रिंग स्ट्रेन के कारण टीम से बाहर हो गए हैं। शेफील्ड शील्ड मैच के दौरान असहज महसूस करने पर उन्हें तुरंत मैच से हटाया गया। बाद में हुई स्कैन रिपोर्ट में उनकी चोट की पुष्टि हुई, जिसके चलते वे शुरुआती टेस्ट में टीम का हिस्सा नहीं बन पाएंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बयान जारी कर कहा, हेजलवुड की आज दोबारा स्कैनिंग की गई, जिसमें हैमस्ट्रिंग स्ट्रेन की पुष्टि हुई। बुधवार को हुई शुरुआती स्कैन रिपोर्ट में कोई स्ट्रेन नहीं दिखा था, लेकिन फॉलो-अप इमेजिंग में चोट सामने आई। शुरुआती स्कैन कभी-कभी लो-ग्रेड मसल इंजरी को कम आंक देते हैं।

## युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी बना राइजिंग स्टार्स का हीरो




नई दिल्ली (ए)। एशिया कप राइजिंग स्टार्स में इंडिया-ए की ओर से खेलते हुए समस्तीपुर के 14 वर्षीय क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से पूरे देश का ध्यान खींच लिया है। महज 14 साल की उम्र में 42 गेंदों पर 144 रन बनाने का कारनामा किसी भी युवा खिलाड़ी के लिए आसान नहीं होता, लेकिन वैभव ने इसे कर दिखाया। अपनी पारी में उन्होंने 15 छक्के और 11 चौके जड़े और यूएई के गेंदबाजों को पूरी तरह मात दी। इससे पहले, आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते हुए उन्होंने गुजरात के खिलाफ 35 गेंद में शतक लगाकर भी अपने हुनर का प्रदर्शन किया था। वैभव की यह सफलता न सिर्फ उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि समस्तीपुर जिले के लिए भी गर्व की बात बन गई है। उनकी इस असाधारण पारी के बाद समस्तीपुर में उत्साह का माहौल है। स्थानीय लोग वैभव को केवल एक क्रिकेटर नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा मान रहे हैं।

–हर वर्ष बारिश के दौरान बढ़ता जा रहा कटाव नहीं हो रहा बचाव

# नर्मदा और तवा के कटाव को रोकने की योजना बनाकर डाल दी ठंडे बस्ते में

–कृषि भूमि होती जा रही बंजर, तटीय क्षेत्रों के सैंकडों आवासों को भी बना हुआ है खतरा





**बलराम शर्मा**

नर्मदापुरम। नर्मदा और तवा के तटीय भाग में हर वर्ष बारिश के दौरान कटाव बढ़ता जा रहा है। इसे बचाने के लिए शासन प्रशासन स्तर से सार्थक प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। जिससे तटीय क्षेत्र की बहूमूल्य कृषि भूमि और बाग बगीचे कट कर रेतीले मैदान में बदलते जा रहे हैं। जल संसाधन विभाग ने नर्मदा और तवा के तटीय क्षेत्र में लगातार होने वाले कटाव को रोकने के लिए कुछ वर्ष पूर्व 2788 लाख रुपए का प्रोजेक्ट तैयार कर भोपाल भेजा था। उस प्रस्ताव को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। इसी कारण उस पर किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। प्रोजेक्ट के तहत शहर में होने वाले जल भराव के साथ कटाव को रोकने और तवा बांध के पानी को आबादी क्षेत्र में भरने से रोकने के लिए पिचिंग, बंड निर्माण किया जाना प्रस्तावित किया गया है। साथ ही शहर में कोरीघाट, कलेक्ट्रेट के पीछे, भीलपुरा, नर्मदा पुल सहित राजघाट क्षेत्र में पैरावेट वॉल बनाई जाने का प्लान बनाया गया। उक्त प्रस्ताव शासन की स्वीकृति के लिए ऐसा भेजा गया है कि वह लौटकर ही नहीं आया।

### विभाग ने कई स्थान किए थे चिन्हित

तवा किनारे बसे निमसाड़िया, देवलाखेड़ी, रायपुर, घानाबड़, जासलपुर, होरियापीपर और मेहराघाट, बालाभेंट, चपलासर, पीलीकरार सांगाखेड़ा कलां रजौन गूजरवाड़ा, बागरातवा, झालसिर सेठ, पाहनवर्री और मरोड़ा के अलावा नर्मदा किनारे के बांद्राभान, बुदनी- डोंगरवाड़ा, आंवलीघाट, डोलरिया, सहित हथेड़ नदी के किनारों के गांवों को सुरक्षित किए जाने का प्लान बनाया गया था। सबसे ज्यादा ध्यान तवा के ज्यादा कटाव वाले क्षेत्र में पिचिंग और बंड निर्माण किया जाने का प्रस्ताव बनाया गया था।

### तटवासियों की कम होती परेशानी

प्रोजेक्ट के अनुसार शासन राशि उपलब्ध करा देता तो जिले के तवा और नर्मदा किनारे बसे गांवों के हजारों लोगों की परेशानी कम होती। दोनों ही नदियों के तटों पर बाढ़ के दौरान खतरा पैदा हो जाता है। इस दौरान बाढ़ का पानी तटबंधों को तोड़कर नालों के जरिए गांव के आबादी क्षेत्रों तक पहुंच जाता है। इसके कारण किनारों पर हर साल कटाव भी बढ़ता जा रहा है। तवा किनारे के 18 सबसे ज्यादा संवेदनशील गांवों में कटाव इस कदर बढ़ गया है कि आबादी क्षेत्र भी इसकी जद में आ चुके हैं।

### बंजर होती जा रही कृषि भूमि

बारिश के दौरान हर साल जल भराव और बाढ़ के कारण क्षेत्र की दोनों प्रमुख नदियों के तटवर्ती क्षेत्रों में सबसे ज्यादा कटाव होता है। इसके कारण तटीय क्षेत्र में रहने वाले लोगों की कटाव के कारण सैकड़ों एकड़ जमीन रेतीले मैदान बनकर बंजर भूमि में बदलती जा रही है। सबसे ज्यादा तवा के तटवर्ती क्षेत्र में नुकसान हुआ है। इसे रोकने के लिए जल संसाधन विभाग द्वारा उक्त योजना तैयार की थी। जिससे कटाव रूक सकते हैं।

### पूर्वविस अध्यक्ष ने पूर्व सीएम के समक्ष रखी थी मांग

नर्मदा जयंती समारोह के दौरान पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान के समक्ष पूर्व विस अध्यक्ष विधायक डॉ सीताशरण शर्मा ने जल मंच से नर्मदा तट के किसानों की जमीन और इसी के साथ शहर के तटवर्ती क्षेत्र की आवासीय जमीन भी कटाव होने से लगातार घटती जा रही है। इस बात की जानकारी दी थी। इसी के साथ तट पर खतरे से भी अवगत कराया था। तब इस बात पर पूर्व सीएम ने कहा था कि कटाव रोकने के लिए प्लान बनाया जाएगा।

### प्रोजेक्ट के तहत ये काम होने थे

जल संसाधन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 2788 लाख की लागत से मुख्य रूप से शहर और तवा, नर्मदा और सिवनी मालवा विकासखंड की कुछ नदियों के किनारे बसे गांवों में सुरक्षा की दृष्टि से कार्य कराए जाने थे। योजना में शहर में बाढ़ के पानी के भराव को रोकने के लिए पिचिंग निर्माण कराया जाना प्रस्तावित किया गया था। इसी के साथ ग्रामों में भी कटाव के लिहाज से संवेदनशील इलाकों में पिचिंग और बंड बनाए जाने का प्लान बनाया था। शहर के मुख्य घाटों पर पैरावेट वॉल का निर्माण किया जाना था। जिससे कि भविष्य में बाढ़ का पानी आबादी क्षेत्रों में नहीं घुसे।

### यहां बनाई जाना चाहिए पिचिंग

योजना के तहत बांद्राभान के आस पास, विवेकानंद घाट से कोठी बाजार घाट, परमहंस घाट के पास, लेंडिया नाले के पास पिचिंग निर्माण किया जाना आवश्यक है। इन स्थानों पर वर्तमान में पिचिंग नहीं होने या टूटी फूटी पिचिन होने के कारण भारी कटाव होता जा रहा है। कई आवास कटाव की जद में आ चुके हैं। पिचिंग बन जाने के बाद कटाव रुक सकते हैं। जिससे खतरा कम होने के साथ लोगों के घर भी सुरक्षित रह सकेंगे।

### धंसती जा रही जमीन

नर्मदा तट के पास रहने वाले लोगों ने बताया कि बीते कुछ वर्षों में देखने में आ रहा है कि हर साल जमीन का कुछ हिस्सा नीचे बैठता जा रहा है। कोठीबाजार क्षेत्र के डीएस दांगी, विलास नीले, हेमंत चौधरी और अनिरूद्ध शर्मा ने बताया कि नर्मदा तट के पास का कुछ हिस्सा नीचे खिसकता नजर आने लगा है। चार साल में ही करीब चार-छह इंच जमीन नीचे खिसक चुकी है।

## द एमरल्ड इंटरनेशनल स्कूल में मना बाल दिवस

**तनिष्का और वंशिका ने बाल मेला में लगाए व्यंजन के स्टॉल**



नर्मदापुरम(निप्र)। बाल दिवस का बच्चों को विशेष इंतजार रहता है। क्योंकि उस दिन उनके स्कूल में कुछ खास ही रहता है। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर द एमरल्ड इंटरनेशनल स्कूलइंटरनेशनल स्कूल में बच्चों ने बाल दिवस के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम किए। नन्हें मुन्हें बच्चों ने उत्साह के साथ खाद्य सामग्री जैसे फुल्की, चाट के स्टाल लगाकर आत्मनिर्भर होने के गुण सीखे। बाल दिवस के मौके पर स्कूलों में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों के परिजन भी पहुंचे। स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी बच्चों को आत्मनिर्भर बनने के लिए उन्हें प्रेरित किया। स्कूल में तीसरी क्लास में पढ़ने वाली तनिष्का गौर एवं पांचवी क्लास की वंशिका गौर ने भी स्टाल लगाए। जहां उनके परिजनों ने पहुंचकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

## आदिवासी जन नायक बिरसा मुंडा की जयंती का हुआ आयोजन

**मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संपूर्ण ब्लॉक में किए कार्यक्रम**



बनखेड़ी (निप्र)। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के द्वारा संपूर्ण ब्लाक में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई। बाचावानी सेक्टर की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति हनोतिया में इंदर सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में आदिवासी जननायक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती का आयोजन किया गया। विकास खंड समन्वयक द्वारा भगवान बिरसा मुंडा राष्ट्रीय गौरव दिवस के जीवन परिचय पर एवं उनके राष्ट्र के लिए किए गए योगदान पर मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर नवांकुर संस्था मां नर्मदा विकास समिति से लक्ष्मी प्रसाद मेहर सर्वोदय संस्था बनखेड़ी नगर विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष कमलेश नामदेव सहित इंदर सिंह यशोदा, भाई रामजी काकोड़िया प्रमोद भल्लावी ,नारायण भल्लवी, फूलचंद भल्लवी बद्दू काकोडिया शेर सिंह ठाकुर बसंती बाई काकोड़िया कलीबाई देवकी बाई कमोद उईके सुमित उइके राजेश हरिबाई, शान्ति बाई, राजू हरिओम विजय सिंह गुरिया बाई शीला बाई सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम को प्रमुख वक्ता के रूप में इंदर सिंह ठाकुर, ग्राम पंचायत सचिव ओंकार सिंह पटेल, ब्लॉक समन्वयक सुखवती वर्मा, परामर्दता धर्मेंद्र शर्मा, ने कहा कि जनजाति नायक बिरसा मुंडा का बहुत बड़ा इतिहास है। बहुत संघर्ष मय जीवन जीते हुए उन्होंने आदिवासियों की रक्षा एवं संस्कृति को बचाने हेतु लंबी लड़ाई लड़ी। नवांकुर संस्था लक्ष्मी प्रसाद मेहर ने भी संबोधित करते हुए बिरसा मुंडा की जीवनी के बारे में बताया। कार्यक्रम उपरांत ग्राम के मुख्य मार्ग से रैली निकाली गई। एवं प्रसाद वितरण किया गया।

## जनजातीय गौरव दिवस पर स्वास्थ्य संस्थाओं में हुए जांच शिविर

नर्मदापुरम (निप्र)। भगवान विरसामुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश लोक



स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के निर्देशानुसार नर्मदापुरम जिले के जिला अस्पताल सहित सभी सामुदायिक, प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए।जिला अस्पताल के एनसीडी परिसर में सिविल सर्जनडॉ.सुनीता कामले की देखरेख में आयोजित शिविर में नागरिकों की सिकल-सेल स्क्रीनिंग, ब्लड प्रेशर, शुगर, एनीमिया, मुख सिहत अन्य जांचें निःशुल्क की गईं। जांच के बाद आवश्यक दवाओं का वितरण भी मुफ्त में किया गया। इस दौरान आयुष्मान कार्ड बनाकर लाभार्थियों को योजना से जोड़ा गया तथा विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जानकारी देने के लिए प्रदर्शनी भी लगाई गई।शिविर में डॉ. डी.सी. किंगर, आरएमओ डॉ. गजेंद्र यादव, एमडी डॉ. संदीपसाहू, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ.सुनील जैन, एनसीडी नोडल डॉ.उदित भट्ट तथा कई पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहे।

## मतदाता गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्य का एसडीएम जय सोलंकी ने किया निरीक्षण

**मतदाताओं को एसआईआर के कार्य में जागरूक करने हेतु एडीएम जय सोलंकी ने बूथ लेबल पर जाकर दी समझाईश**

नर्मदापुरम(निप्र)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश में मतदाता सूची का



विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य किया जा रहा है। जिला नर्मदापुरम में कलेक्टनर सोनिया मीना के नेतृत्व में जिले की चारों विधान सभा में यह कार्य किया जा रहा है। तत्संबंध में विधान सभा होशंगाबाद में कार्य के निरीक्षण के लिये एसडीएम जय सोलंकी के द्वारा शहरी एवं ग्रामीण दोनों जगह के मतदान केन्द्रों पर चल रहे कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्री सोलंकी ने मतदान केन्द्रों पर जाकर बीएलओं को आ रही समस्याओं की जानकारी ली एवं गणना पत्रक को भरना एवं बीएलओ एप पर फीड करना भी बताया गया। श्री सोलंकी द्वारा शहरी क्षेत्र में एसपीएम के मतदान केन्द्र क्र. 28, 29 एवं 30, फेफरताल के मतदान केन्द्रम क्र. 26 एवं 27 तथा ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम रोहना के मतदान केन्द्र क्र. 13 एवं 14, ग्राम नोहर के मतदान केन्द्र क्र. 8, ग्राम आगराकला के मतदान केन्द्र क्र. 25 एवं ग्राम बुधवाडा के मतदान केन्द्र क्र. 24 का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बीएलओ, सुपरवाईजर एवं ब्लारक समन्व्यक, एसबीएम रामकुमार गौर उपस्थित रहे।

## बरगलाएं नहीं, अडिग लक्ष्य रखें सरकार तक पहुंचाऊंगा आपकी मांग : सांसद दर्शन चौधरी




नर्मदापुरम(निप्र)। संगठनात्मक क्षमता को आप मजबूत करें। आपस में पारिवारिक भाव रखते अपना कार्य पूर्ण निष्ठा ईमानदारी और समय सीमा में करने का पूर्ण प्रयास करें। संगठन विचार धारा और पारिवारिक भाव से आगे बढ़ता है। किसी के बरगलाने पर अपने संगठन कर्मियों के बीच तनाव और पूर्वाग्रह से ग्रसित ना हो। आपका अडिग लक्ष्य मंजिल तक ले जाएगा। यह बात नर्मदापुरम संसदीय क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने लोकल यूथ महासंघ के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रहते हुए कही। शनिवार को नर्मदापुरम संभाग मुख्यालय स्टेट हरदा रोड शगुन गार्डन में कार्यक्रम हुआ। सांसद श्री चौधरी ने कहा कि सम्पूर्ण समाज अन्नदाता किसान के साथ धरती मैया की सेवा में लगे आप किसी चित्रगुप्त से कम नहीं। सरकार समाज और प्रशासन के साथ कंधे से कन्धा मिलाकर जिम्मेदारियों का निर्वहन पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा और इमानदारी से करें, आपका श्रेष्ठ कार्य हम सबकी मज़बूरी बन जाए। बकौल सांसद श्री चौधरी ने लोकल यूथ महासंघ की मांगों को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और राजस्व मंत्री के समक्ष रखने की बात कही है। सांसद श्री चौधरी ने लोकल यूथ महासंघ सर्वेयर को सरकार से यथायोग सहयोग दिलाने का भरोसा दिलाया है। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता हंसराय, भाजपा नेत्री बंदना दुबे, पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित गौर, समाजसेवी अभिलाष दुबे, श्रीगौड़ मालवीय ब्राह्मण अखिल भारतीय समाज के उपाध्यक्ष धनराज मालवीय, वरिष्ठ पत्रकार कमलेश चौधरी, वीरेन्द्र गोस्वामी प्रदेश अध्यक्ष बृजेंद्र कुशवाह लोकल यूथ महासंघ प्रदेश सचिव, अमित मेहरा जिला अध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी नर्मदापुरम बलवीर सिंह धुर्वे जिला सचिव एवं सहायक संभाग प्रभारी नर्मदापुरम आदि उपस्थित रहे।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अन्तर्गत ग्राम रायपुर में आयोजित हुआ जागरुकता सह संवेदीकरण कार्यक्रम



नर्मदापुरम(निप्र)। संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के मार्गदर्शन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम ग्रामीण अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला रायपुर में गत दिवस 14 नवम्बर को परियोजना स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय परिसर में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष शैलेन्द्र कौरव, परियोजना अधिकारी (ग्रामीण) प्रमोद गौर, बाल संरक्षण अधिकारी आशु पटेल, प्रभारी प्राचार्य श्रीमती ममता कामले, वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक श्रीमती प्रतिभा वाचपेयी, अकादमिक समन्वयक डॉ. मयंक तोमर, सरपंच शशांक तथा काउंसलर भावना बिष्ट द्वारा बालिकाओं को उनके अधिकार, लिंगभेद, पॉक्सो एवं जे जे एक्ट, चाइल्ड हेल्पलाइन, सायबर अपराध, यौन उत्पीड़न व सतर्कता, तथा माहवारी स्वच्छता जैसे विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया।

## नर्मदा संस्कृति उत्सव 2025

## शास्त्रीय संगीत, सुगम संगीत, लोक संगीत की मनमोहक प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को किया भाव विभोर

**तबला, सारंगी, सितार, सुगम गायन, पद गायन, हवाइन गिटार, निमाड़ी लोक गीतों की हो रही हैं प्रस्तुतियां**

नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम् कला जगत का नर्मदा संस्कृति उत्सव 2025 के दो दिवसीय गीत संगीत के कार्यक्रम की शुरूआत शनिवार को सांयकाल मां नर्मदा तट के पावन तट तिलक भवन में देवी सरस्तवी की पूजन अर्चन व दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। आगंतुक कलाकारो का स्वागत संस्था के पदाधिकारियों ने पुष्पमाला से किया। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय स्तर के निष्णात कलाकारों के साथ नर्मदा नगरी के नर्मदापुरम के उदीयमान कलाकारों, प्रतिभाओं द्वारा शास्त्रीय संगीत सुगम संगीत लोक संगीत की स्तरीय मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी जा रही हैं। प्रथम दिवस सुरवाणी संस्थान नर्मदापुरम् के तबला साधकों ने अपनी सुमधुर प्रस्तुति ताल वृंद से सबका मनमोह लिया। तत्पश्चात् अथर्व दुबे नर्मदापुरम् के सारंगी वादन के साथ तबला संगत विपुल दुबे ने दी। कार्यक्रम में प्रख्यात सितार वादक श्याम वैष्णव भोपाल द्वारा सितार की मधुर




झंकार ने समां बांध। जबलपुर से पधारे आकाशवाणी. दूरदर्शन के ग्रेड कलाकार डॉ प्रकाश तिवारी की प्रस्तुति में गीत भजन ग़ज़ल और लोक संगीत के समावेश ने श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया।

तबला पर सुसंगत हेतु शिवांश सोनी इंदौर ने दी। हारमोनियम पर श्री राम परसाई और ढोलक पर सक्षम पाठक ने संगत दी।संस्था सचिव डॉ नमन तिवारी ने बताया कि नर्मदा संस्कृति उत्सव के द्वितीय दिवस 16 नवंबर 2025 रविवार आज नीवा फ्यूज़न बैंड नर्मदापुरम् के संस्कृत पद गायन से कार्यक्रम आरंभ होगा।

तत्पश्चात् विख्यात कलाकार मोनीदीप मित्रा नई दिल्ली का शास्त्रीय हवाइन गिटार वादन होगा। उत्सव की अंतिम प्रस्तुति के रूप में प्रसिद्ध निमाड़ी लोक गायिका श्रीमती मनीषा शास्त्री एवं साथी महेश्वर द्वारा निमाड़ी लोक गायन होगा।संस्था के सभी सदस्यों ने सभी संगीत प्रेमियों से अपील की है कि अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का आनंद लें और उत्सव को सफल बनाएं।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com